


# दैनिक माधव संदेश

पल-पल की खबर हर पल

**माधव संदेश**

ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं, छापते है

संपर्क करें

9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-158 | इटावा, शुक्रवार 07 जुलाई 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### अध्यादेश के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग की तैनाती के अधिकार पर केंद्र सरकार अध्यादेश लेकर आई थी। इस अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया है। अब इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई को सुनवाई करेगी। वहीं, अध्यादेश के आने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसे केंद्र का काला कानून बताने के साथ विपक्ष से इस मुद्दे पर एक साथ आकर विरोध करने के लिए निवेदन किया था। बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आरोप लगाते रहते है कि केंद्र सरकार एलजी के माध्यम से उन्हें काम नहीं करने दे रही है। आप सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख भी किया था। जहां सुप्रीम कोर्ट ने बीती 11 मई को दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला दिया था और कहा था कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार ही राज्य में नौकरशाहों के तबादले और उनकी तैनाती कर सकती है।

### पश्चिम बंगाल चुनाव आयोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राज्य के निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) राजीव सिन्हा पंचायत चुनाव के मद्देनजर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहे हैं। बोस ने एक संवाददाता सम्मेलन में सिन्हा से चुनाव के दौरान लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। राज्य में पंचायत चुनाव आठ जुलाई को है। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान आप लोगों की जान के संरक्षक हैं। आपके पास स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने की सभी शक्तियां हैं। चुनाव के दौरान पुलिस, मजिस्ट्रेट और राज्य तंत्र आपके अधीन हैं।

### तेजस्वी के खिलाफ 21 को सुनवाई

**अहमदाबाद।** गुजरातियों को ठग कहने के मामले में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफ समन भेजने पर आज अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में सुनवाई हुई। आज दो और गवाहों के बयान दर्ज किए गए। अन्य दो गवाह 21 जुलाई को कोर्ट में पेश होंगे। इनके बयान दर्ज होने के बाद कोर्ट मामले की सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता के वकील प्रफुल्ल पटेल ने बताया कि 21 जुलाई को दोनों गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद हम क्लोजिंग की प्रोसेस पूरी करेंगे। इसके बाद कोर्ट से नियम 204 की प्रक्रिया के तहत तेजस्वी यादव को समन भेजने का अनुरोध किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने गुजरातियों को ठग कहा था। इसके बाद गुजरात के व्यापारी हरेश मेहता ने बयान पर आपत्ति जताते हुए केस दर्ज कराया था। कोर्ट ने इस केस में सुनवाई के लिए पहले 1 मई की तारीख तय की थी। जिसकी अगली तारीख 8 मई और उसके बाद 19 मई तय की गई थी।

## मुख्यमंत्री शिवराज ने पेशाब कांड पीड़ित आदिवासी के पैर धोए



### आरती उतारी और बोले... माफी मांगता हूं

संवाददाता ■ भोपाल/सीधी

सीधी पेशाब कांड पीड़ित आदिवासी युवक गुरुवार को सीएम शिवराज से मिलने पहुंचा। सीएम हाउस में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पीड़ित आदिवासी का हाथ पकड़कर उसे भीतर ले गए। कुर्सी पर बैठाया। पांव धोए, आरती उतारी और तिलक लगाया।

शॉल ओढ़ाकर शिवराज ने उसका सम्मान किया। उन्होंने कहा, इस घटना से दुखी हूं। मैं आपसे माफी मांगता हूं। आप जैसे लोग मेरे लिए भगवान जैसे हैं। वहीं सीएम से मुलाकात के बाद पीड़ित आदिवासी ने कहा जो हुआ, सो हुआ।

इस घटना के सामने आने के बाद शिवराज ने कहा था- आरोपी को ऐसी सजा मिले, जो मिसाल बन जाए। कार्रवाई के बाद ट्वीट किया था- एनएसए लगाया, बुलडोजर भी चलाया। जरूरत पड़ी तो अपराधियों को जमीन में गाड़ देंगे। आरोपी प्रवेश शुक्ला को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया था। उस पर ह्रस्र लगाया गया है। अभी वह जेल में है।

### मुख्यमंत्री बोले- सुदामा, तुम अब मेरे दोस्त

पीड़ित आदिवासी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुदामा कहा। बोले- तुम अब मेरे दोस्त हो। सीएम ने उससे कई विषय पर चर्चा की। पूछा- क्या करते हो? घर चलाने के क्या साधन हैं? कौन सी योजनाओं का लाभ मिल रहा है? यह भी पूछा कि बेटी को लक्ष्मी और पत्नी को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं। सीएम ने कहा- बेटी को पढ़ाना, बेटियां आगे बढ़ रही हैं।

### सीएम से पीड़ित की पत्नी बोली- हमें पैसे का लालच नहीं

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीड़ित की पत्नी से बात की। कहा- यह मेरा भाई है, तुम मेरी बहन हो, कोई चिंता नहीं करो। तुम्हारा मकान दिलवाना है, काम-धंधा करो, इसके लिए पैसे के भी इंतजाम करवा रहा हूं। पीड़ित की पत्नी ने सीएम से कहा- हमें पैसे का लालच नहीं है, हमारे आदमी को भेज दो।

### आरोपी प्रवेश के घर चला बुलडोजर, कांग्रेस बोली- पूरा घर तोड़ो



आदिवासी पर नशे में पेशाब करने के आरोपी भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला का घर बुधवार को प्रशासन ने तोड़ दिया था। रात को कांग्रेस नेता पीड़ित के घर धरने पर बैठ गए। वे आरोपी का घर पूरी तरह से तोड़ने की मांग कर रहे हैं। सीधी से बीजेपी विधायक केदार शुक्ला भी पीड़ित के घर पहुंचे थे। आरोपी प्रवेश का घर तोड़ने बुधवार को पहुंची बीजेपी देखकर आरोपी की मां और चाची बेहोश हो गई। सिहावल SDM आरपी त्रिपाठी ने बताया कि घर का करीब एक तिहाई हिस्सा अवैध है, उसे ढहाया गया है।

## विधानसभा का मानसून सत्र 11 से

संवाददाता ■ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 11 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। मानसून सत्र में सरकार हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाने के साथ साथ तीन विधेयक ला रही है। साथ ही प्रदेश में चार नए निजी विश्वविद्यालय भी खुलने जा रहे हैं। जिसके लिए निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक लाया जाएगा। इसके साथ ही सरकार वित्त वर्ष 2023-24 का पहला अनुपूरक बजट भी पेश करने वाली है। यह बजट करीब 20 हजार करोड़ रुपए का होगा। इसके लिए विनियोग विधेयक पेश किया जाएगा।

### हुक्का बार का संचालन करने पर होगी सजा

मध्यप्रदेश सरकार इस मानसून सत्र में हुक्का बार पर प्रतिबंध का विधेयक लाएगी। वहीं जो इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा उसे तीन साल तक का कारावास और एक लाख रुपए तक का अर्थदंड लगाया जाएगा। इसके साथ ही इसमें किसी भी स्थिति में कारावास की सजा एक साल से कम नहीं की जाएगी। बता दें कि, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अवैध रूप से चल रहे हुक्का बार को प्रतिबंधित करने की घोषणा की थी।

### सत्र में 1600 से अधिक प्रश्न

मानसून सत्र में 1600 से ज्यादा प्रश्न, 19 स्थगन और 90 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आएंगे। बताया जाता है कि विधानसभा का मानसून सत्र पहले 10 जुलाई से प्रारंभ होने वाला था, पर 10 जुलाई को लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत महिलाओं के खाते में दूसरी किस्त डाली जाएगी। जिसके लिए कार्यक्रम आयोजित होने के कारण सत्र को एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है।

## चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे, 23 या 24 अगस्त को चांद की सतह पर लैंडिंग हो सकती है

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारत 14 जुलाई को दोपहर 2.35 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से स्पेसशिप चंद्रयान-3 लॉन्च करेगा। इसरो ने यह जानकारी दी है। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने बताया कि चंद्रयान 23 या 24 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की कोशिश करेगा। यान पूरी तरह तैयार है। इसे बुधवार को ही लॉन्चिंग व्हीकल LVM-III में फिट किया गया था। इस मिशन का पूरा बजट 651 करोड़ रुपए का है। अगर चंद्रयान-3 का लैंडर चांद पर उतरने में सफल होता है तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर अपने स्पेसक्राफ्ट उतार चुके हैं।



### पहले जान लेते हैं चंद्रयान-2 के साथ क्या हुआ था

- चंद्रयान-2 मिशन को 22 जुलाई 2019 को लॉन्च किया गया था। 14 अगस्त को लैंडर और रोवर ने पृथ्वी की कक्षा छोड़ी थी। 6 दिन बाद इसने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। 6 सितंबर को विक्रम लैंडर ऑर्बिटर से अलग हुआ था।
- मिशन के अनुसार विक्रम लैंडर को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर 7 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 1 से 2 बजे के बीच लैंड करना था। यह चांद की सतह से 2.1 किलोमीटर दूर था तभी इसका इसरों से संपर्क टूट गया था। इसके बाद से ही भारत चंद्रयान-3 मिशन की तैयारी कर रहा है।

## कर्नाटक में खेत से 2.5 लाख के टमाटर चोरी, चोर 60 बोरियों में भरकर ले गए

### बची हुई फसल भी नष्ट की

एजेंसी ■ हासन

कर्नाटक में एक महिला के खेत से 2.5 लाख रुपए के टमाटर चोरी हो गए। चोर 4 जुलाई की रात हासन जिले के गोनी सोमनहल्ली गांव में पहुंचे और खेत से 50-60 बैग टमाटर लेकर फरार हो गए। महिला किसान धारिणी की शिकायत पर हलेबीडु थाने में चोरी का केस दर्ज किया गया है।

धारिणी ने कहा कि चोरी तब हुई जब टमाटर की कीमत 120 रुपए प्रति किलो से ऊपर थी और धारिणी फसल काटकर बेंगलुरु के बाजार में ले जाने की तैयारी कर रही थी।

### कर्नाटक में भी टमाटर के दाम आसमान छू रहे

दरअसल धारिणी ने अपने परिवार के साथ दो एकड़ जमीन पर टमाटर उगाए थे। बाकी राज्यों की तरह कर्नाटक में भी पिछले दिनों टमाटर की कीमतें बहुत तेजी से बढ़ीं। बेंगलुरु में टमाटर की कीमतें 101 से 121 रुपए प्रति किलो तक है।

ऊंची कीमतों का जिम्मेदार मार्च और अप्रैल में अचानक तापमान बढ़ने को ठहराया गया है। इस गर्मी से टमाटर की फसलों पर कीटों का हमला हुआ, जिससे पैदावार में कमी आई और बाजार में कीमत बढ़ गई।

### चोरी के बाद बची हुई फसल नष्ट कर गए चोर

शिकायतकर्ता धारिणी के मुताबिक उसे सेम की फसल में घाटा हुआ था, इसके बाद उसने टमाटर उगाने के लिए कर्ज लिया था। संयोग से फसल अच्छी हुई, कीमतें भी ज्यादा थीं।

हलेबीडु पुलिस ने कहा- हमने सुपारी और बाकी कॉमर्शियल फसलों की चोरी के बारे में सुना था, लेकिन कभी नहीं सुना कि किसी ने टमाटर चुराए हों। यह पहली बार है कि हमारे पुलिस स्टेशन में ऐसा कोई मामला दर्ज किया गया है। धारिणी के बेटे ने भी राज्य सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई है।

## झारखंड को छोड़कर सभी राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट: बिहार में 15 लोगों की मौत, पिछले हफ्ते गुजरात-उ.प्र. में हुई सबसे ज्यादा बारिश

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में झारखंड को छोड़कर देश के सभी राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-एनसीआर और दक्षिणी राज्य केरल के 6 जिलों में गुरुवार सुबह से जमकर बारिश हो रही है। दिल्ली में बारिश से जगह-जगह जाम लग रहा है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 6 से 7 दिनों तक दिल्ली में बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना है।

बिहार में बीते 24 घंटों में बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में 15 लोगों की मौत हो गई। राज्य की नदियां भी खतरे के निशान के आसपास बह रही हैं। पिछले हफ्ते की बात करें तो सबसे ज्यादा बारिश गुजरात, उत्तर प्रदेश और बिहार में हुई। 29 जून से 5 जुलाई के दौरान बिहार में 134 मिमी, गुजरात में 133 मिमी और उत्तर प्रदेश में 78 मिमी बारिश हुई। वहीं, छत्तीसगढ़ में इस दौरान सिर्फ 36 मिमी बारिश हुई। भारी बारिश के अलर्ट के चलते कर्नाटक के ऊडुपी और दक्षिण कन्नड़ जिले के गुरुवार को सभी स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।



दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर भरे बारिश के पानी को पंप के जरिए निकाला जा रहा है।

**इन राज्यों में तेज बारिश होगी:** मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, अरूणाचल प्रदेश, नगालैंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना, गोवा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु।

**इन राज्यों में हल्की बारिश होगी:** झारखंड में बिजली चमकने के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रगान के दौरान खड़े नहीं हुए 14 लोग: गिरफ्तार किए गए

एजेंसी ■ हासन

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में राष्ट्रगान बजने के दौरान खड़े न होने वाले 14 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन ने कई पुलिसकर्मियों को भी सस्पेंड किया है। इन पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी थी कि नेशनल एंथम बजने के दौरान हरेक शख्स उसके सम्मान में खड़ा हो। मामला 25 जून को हुए 'पैडल फॉर पीस' साइक्लिंग रेस के समापन समारोह का है। यह कार्यक्रम जम्मू-कश्मीर पुलिस ने करवाया था और इसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और डीजीपी दिलबाग सिंह भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में जब नेशनल एंथम बजाया गया तो कई लोग जान-बूझकर इसके सम्मान में खड़े नहीं हुए। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने राष्ट्रगान के अपमान को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के आदेश दिए। पुलिस के मुताबिक, 14 लोगों को सेक्शन 107 और 151 के तहत गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों सेक्शन पुलिस को अपराध होने की आशंका में लोगों को हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने का अधिकार देते हैं।

## पार्टी ने मेरे मुद्दों पर कार्रवाई की रूपरेखा बनाई, करप्शन को चुनावी मुद्दा बनाएगी कांग्रेस: पायलट

एजेंसी ■ हासन

एआईसीसी मुख्यालय में राजस्थान के मुद्दे पर बैठक खत्म हो गई है। करीब चार घंटे चली बैठक में सभी नेताओं ने राजस्थान से जुड़े मामले पर फैसले हाईकमान पर छोड़ दिए हैं। हाईकमान जो फैसला करेगा, वह सबको मान्य होगा। सचिन पायलट का रोल तय करने पर भी हाईकमान फैसला करेगा।

बैठक में राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राजस्थान के नेताओं को एकजुट होकर चुनाव लड़ने को कहा है। यह भी कहा- अब किसी तरह के मतभेद की बात सामने नहीं आने चाहिए। बयानबाजी करने पर कार्रवाई होगी। बैठक में नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ने का भरोसा दिलाया।



बैठक के बाद पायलट के तेवर बदल गए हैं। पायलट ने बैठक के बाद मान लिया कि उनके मुद्दों को पार्टी ने सुलझा दिया है। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में पायलट ने कहा- मुझे खुशी है पार्टी ने मेरे उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लिया है और उन पर कार्रवाई करने के लिए आगे की रूपरेखा बनाई है। भाजपा राज के कार्यकाल में तमाम करप्शन हुए उस पर सरकार गंभीर है और कार्रवाई करेगी। मैं ऐसा मानता हूं कि करप्शन ऐसा मुद्दा है जो जन जन को प्रभावित करता है और इस इश्यू को कांग्रेस चुनावी मुद्दा बनाएगी और आगे लेकर जाएगी।

## मणिपुर में स्कूल के बाहर महिला की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में गुरुवार को स्कूल के बाहर एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक दिन पहले ही यहां स्कूल खोले गए हैं। हालात देखते हुए राज्य सरकार ने इंटरनेट पर बैन 5 दिन और बढ़ा दिया है। राज्य में 64 दिनों से कुकी और मैतेई समुदाय के लोगों के बीच हिंसा जारी है। अब तक 135 से ज्यादा लोग इस हिंसा में अपनी जान गंवा चुके हैं और 400 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। मणिपुर सरकार ने 8वीं तक के स्कूल खोलने के आदेश दिए थे। नवीं से 12वीं तक के स्कूल और कॉलेजों को अभी नहीं खोला जाएगा। इन स्कूलों में राहत कैंप लगे हैं। शिविरों में लगभग 50 हजार से ज्यादा लोग रह रहे हैं। राज्य के 16 में से 5 जिलों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। अब 11 जिलों में शाम 5 बजे से सुबह 5 बजे तक का कर्फ्यू जारी है। मणिपुर के थोउबल जिले में मंगलवार को भीड़ ने भारतीय रिजर्व बटालियन के कैंप पर हमला कर दिया और हथियार चुराने की कोशिश की थी।

## लालू बोले-पीएम को पत्नी के साथ रहना चाहिए: दिल्ली में कहा- मोदी भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा देते हैं

एजेंसी ■ पटना

आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने पीएम मोदी को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को अपनी पत्नी के साथ रहना चाहिए। बगैर पत्नी के वो (नरेंद्र मोदी) जो पीएम कोठी में रहते हैं, वो गलत है। जो भी हो, उन्हें पत्नी के साथ रहना चाहिए।

पटना में राहुल गांधी को दूल्हा बनने की सलाह देने को लेकर पत्रकार ने सवाल किया था कि क्या वहीं पीएम कैंडिडेट होंगे। जिसके



जवाब में लालू प्रसाद ने ये बाते कहीं। उन्होंने कहा कि कहना और पीएम बनना अलग है। पीएम कोई भी हो पत्नी के साथ रहना चाहिए।

आम चुनाव में महागठबंधन के प्रदर्शन को लेकर किए गए सवाल पर दावा किया कि महागठबंधन 300 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। वहीं महाराष्ट्र की राजनीति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अजीत पवार के कहने से शरद पवार थोड़ी ना रिटायर हो जाएंगे। दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने ये सारी बातें कहीं।

इससे पहले पटना एयरपोर्ट पर भी आरजेडी सुप्रीमो ने प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लिया था। उन्होंने पटना में कहा कि मोदी की विदाई की तैयारी करानी है। फिलहाल ब्लड टेस्ट कराने के लिए दिल्ली जा रहा हूं क्योंकि यह जांच दिल्ली में ही होती है।

## जमीयत भी यूसीसी के खिलाफ: मौलाना मदनी बोले- इस पर बहस राजनैतिक साजिश, नोबेल पुरस्कार विजेता ने पूछा- यूसीसी से किसे फायदा

एजेंसी ■ नई दिल्ली



मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के बाद देश की एक और प्रमुख मुस्लिम संस्था जमीयत उलेमा-ए-हिंद भी यूसीसी के विरोध में आ गई है। लॉ कमीशन को दिए अपने सुझाव में जमीयत ने कहा है कि वह समान नागरिक संहिता के खिलाफ है, क्योंकि यह धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है, जिसे संविधान के तहत गारंटी दी गई है। गुरुवार को जमीयत ने 22वें विधि आयोग को भेजी गई आपत्तियों का सारांश शेयर किया, जिसमें जमीयत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा है कि यूसीस पर बहस शुरू करना एक राजनीतिक साजिश है। उधर, नोबल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने कहा है कि यूसीसी से किसका फायदा होगा? सरकार जिस तरह देश चलाना चाहती है, वह गलत है।

### जमीयत की चिट्ठी की बड़ी बातें...

- लॉ कमीशन को लिखे लेटर में मदनी ने कहा- यह मुद्दा सिर्फ मुसलमानों से नहीं बल्कि सभी भारतीयों से जुड़ा है। हम शुरू से इस देश में स्वतंत्र रूप से अपने धर्म का पालन कर रहे हैं। हम अपने धार्मिक मामलों और पूजा पद्धति पर किसी भी तरह से समझौता नहीं करेंगे। हम कानून के दायरे में रहकर अपने धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव उपाय करेंगे।
- जमीयत हुक्मरानों से सिर्फ इतना कहना चाहती है कि कोई भी फैसला नागरिकों पर नहीं थोपा जाना चाहिए और फैसला लेने से पहले आम सहमति बनाने की कोशिश की जानी चाहिए, ताकि वह सभी को मंजूर हो। यूसीसी पर कोई भी फैसला लेने से पहले सरकार को देश के सभी धर्मों के नेताओं और सामाजिक एवं आदिवासियों से सलाह और उन्हें विश्वास में लेना चाहिए।
- हमारा पर्सनल लॉ कुरान और सुन्नत पर आधारित है। इसमें कयामत के दिन तक बदलाव नहीं किया जा सकता है। ये कहकर हम कोई असंवैधानिक बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन संविधान के अनुच्छेद-25 ने हमें इसकी आजादी दी है। यूसीसी, मुसलमानों और यह देश की एकता और अखंडता के लिए नुकसानदायक है, इसलिए हमें यह नामंजूर है।




# भारत दूरसंचार प्रौद्योगिकी का निर्यातक बनने की ओर अग्रसर

भारत में डिजिटल क्रांति ने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में बहुत प्रभावी भूमिका निभाई है। भारतीय अर्थव्यवस्था, आज डिजिटल क्रांति के बलबूते ही, विश्व में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच, सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। डिजिटल क्रांति ने भारत में वित्तीय समावेशन को बहुत आसान बना दिया है एवं आज भारत वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में पूरे विश्व को राह दिखा रहा है। विकासशील देश तो आज वित्तीय समावेशन की सफलता के क्षेत्र में भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं कि वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में भारत किस प्रकार उनकी मदद कर सकता है। डिजिटल क्रांति से ही भारतीय अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण भी सम्भव हो सका है। जिसके चलते, वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण प्रति माह औसतन 1.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है तथा प्रत्यक्ष करों के संग्रहण में भी अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। इससे केंद्र सरकार को भारत में मजबूत आधारभूत संरचना विकसित करने में आसानी हो रही है एवं केंद्र सरकार देश में पूंजीगत निवेश को लगातार बढ़ाने में भी सफल हो रही है। साथ ही, गरीब वर्ग के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को फंडिंग करने में भी किसी प्रकार की समस्या आड़े नहीं आ रही है। भारत में डिजिटल क्रांति से केवल केंद्र एवं राज्य सरकारों को ही लाभ हुआ है, ऐसा नहीं है। बल्कि, सामान्य नागरिकों, दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों सहित, को भी विभिन्न सरकारी कार्य सम्पन्न करने में बहुत आसानी हुई है। आज भारत में इंटरनेट की सुविधा का उपयोग करने वाले नागरिकों की संख्या शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक हो गई है। भारत का टेलीकाम और डिजिटल मॉडल बहुत सरल, सहज, सुरक्षित एवं पारदर्शी है। जिसके कारण आज भारत डिजिटल क्रांति में पूरी दुनिया में एक अग्रणी देश बन गया है एवं दुनिया की अगुवाई कर रहा है।भारत में डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में नित नए नवाचार भी किए जा रहे हैं। जैसे अभी हाल ही में भारत में ई-रूपी को डिजिटल मुद्रा के रूप में प्रारम्भ किया गया है। इस डिजिटल मुद्रा को वालेट अथवा मोबाइल में रखा जा सकता है। डिजिटल मुद्रा के चलन में वृद्धि होते जाने से जेब में रुपए के रूप में मुद्रा रखने की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी। यह भारत को 'डिजिटल इंडिया' बनाने में एक अहम एवं साकार कदम माना जा रहा है। वर्ष 2022 के केंद्र सरकार के बजट में डिजिटल मुद्रा को भारत में चालू करने के सम्बंध में घोषणा की गई थी। इससे भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था को बहुत मजबूती प्राप्त होगी। ई-रूपी, डिजिटल मुद्रा के रूप में बिटकोईन जैसी वर्चुअल करेंसी को समाप्त करने में सहायक होगा एवं इससे गैर कानूनी रूप से भारत में लाई जाने वाली विदेशी मुद्रा (मनी लांडरिंग) पर भी अंकुश लगाने में आसानी होगी। डिजिटल मुद्रा के माध्यम से अन्य देशों में निवास कर रहे लोगों को मुद्रा भेजने में आसानी होती है एवं दूसरे देशों को राशि भेजने पर लगने वाले खर्च में भी लगभग 2 प्रतिशत तक की कमी आने की सम्भावना है। लाभार्थियों के खाते में सीधे ही राशि हस्तांतरित की जा सकती है, इससे भारतीय नागरिकों को मुद्रा को एक देश से दूसरे देश में हस्तांतरित करने में सहूलियत होने लगेगी। कुल मिलाकर ई-मुद्रा से बैंकिंग, मौद्रिक नीति और वित्तीय स्थिरता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद की जा रही है। ई-रूपी को भविष्य की मुख्य मुद्रा भी कहा जा रहा है।यह भी भारत में डिजिटल क्रांति का ही परिणाम है कि प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक किसानों के बचत खातों में 6,000 रुपए प्रतिवर्ष, 2,000 रुपए की तीन समान किश्तों में, आसानी से केंद्र सरकार द्वारा हस्तांतरित किए जा रहे है। डिजिटल प्लेटफोर्म पर ही भारत में राष्ट्रीय कृषि मंडी (ई-नाम) की स्थापना की जा सकी है जिसके कारण किसानों को उनकी उपज बेचने के लिए देश में एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, बेहतर बाजार मिला है। इससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है एवं उनके उत्पादों के मूल्य की सही खोज भी सम्भव हो पा रही है। आज ई-नाम मंडियों के माध्यम से भारत का किसान अपनी उपज को देश की किसी भी मंडी में आसानी से बेच सकता है। 22 राज्यों और 3 संघशासित क्षेत्रों की 1,260 मंडियों को ई-नाम प्लेटफोर्म से जोड़ा जा चुका है।मजबूत बैंकिग व्यवस्था किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार रहती है। भारत की बैंकिंग व्यवस्था को भी डिजिटल प्लेटफोर्म से सफलता पूर्वक जोड़ दिया गया है। डिजिटल इंडिया अभियान के जरिए यूपीआई, डीबीटी, ई-रुपी एवं मोबाइल बैंकिंग जैसी सुविधाओं के माध्यम से देश के नागरिकों को बैंकिंग सेवाएं सुलभ रूप से प्रदान की जा रही है। भारत के नागरिकों के बीच डिजिटल लेन देन करने के लिए देश में यूपीआई सबसे लोकप्रिय माध्यम बन गया है। आज भारत डिजिटल भुगतान और डिजिटल करेंसी की मामले में कई विकसित देशों से आगे निकल आया है। कुल मिलाकर भारत में डिजिटल क्रांति के चलते विभिन्न बैंकिंग सुविधाएं बहुत आसानी से देश के नागरिकों को उपलब्ध होने लगी हैं एवं पेन कार्ड जैसी पूर्व की जटिल वित्तीय प्रक्रियाओं को सरल बनाने में बहुत आसानी हुई है। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ सामान्य नागरिकों तक सहज एवं सरल तरीके से पहुंचाने के मुख्य उद्देश्य को ध्यान में रखकर ही डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। डिजिटल क्रांति से उक्त मुख्य उद्देश्य की निश्चित ही पूर्ति हुई है। इस प्रकार, डिजिटल इंडिया एक खास तरह का 'अंबरेला कार्यक्रम' बन पड़ा है, जिसके अंतर्गत बैंकिंग, बीमा, केंद्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं को डिजिटल प्लेटफोर्म पर ले आया गया है।

# सरकार के लिए युनिफार्म सिविल कोड की राह इतनीआसान नही

लेखक- विनोद तकियावाला

प्रकृति में परिवर्तन का सैदव स्वागत होता है तभी तो किसी ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का अपरिहार्य नियम है।आजकल आसमान में उमढ़ते घुमढ़ते बादल व रिमझिम बारिश का हम सभी लोग आनंद ले रहे है क्योकि कुछ दिन पूर्व सूर्य की उषमा से घरती - आसमान जल रहा है।वही दुसरी ओर भारतीय राजनीति के पंडितओं के लिए आषाढ-सावन के बरसती रिमझिन फुहार भी ठंडक नही दे रही है।क्योंकि भारतीय राजनीति मे उष्मा की उफान आई है।आज हम आप को कोई पहेली नही बुझा रहे है ब्लकि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की राजनीति गतिविधियों से अवगत कराने की चेष्टा कर रहे है। सर्व विदित रहे कि यह वर्ष प्रजातंत्र के महापर्व या23 - 24 चुनावी वर्ष है।इस साल पाँच राज्यों के विधान सभा चुनाव व अगले वर्ष 24 में लोक सभा का आम चुनाव होने वाली है।जिसके कारण सता पक्ष व विपक्ष में अपनी राजनीति को चमकाना व सता के सिंघासन पर आसीन होने के अपनी सारी शक्ति लगा देते है।चाहे इसके लिए उन्हें कुछ भी करना पड़े। ऐसी घटना विगत दिनों मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में घटी ,जहाँ प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी नें पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते कहा है एक देश में दो कानुन होगा तो देश कैसे चलेगा।यानि एक देश में सभी के लिए एक समान कानुन होना चाहिए।सुनने में तो ये बाते छोटी सी लगती है लेकिन भारतीय राजनीति में एक भुचाल साबित हो रहा है।सत्ता के सिघासन पर काबिज भाजापा व विपक्ष के सभी राजनीति दल आमने- समाने ताल ठोकने लगा है। आप को याद दिलाना चाहुँगा कि विगत दिनों देश में समान नागरिक सहिंता यानी यू सी सी को लेकर भारत के विधि आयोग ने नॉटिफिकेशन जारी करके देश के लोगों से 15 जुलाई से पहले तक अपने लिखित सुझाव देने को कहा गया है।ऐसे में इस पर देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का क्या रुख होगा इस पर कयास लगाए जा रहे थे. ऐसे में कांग्रेस की संसदीय समिति शनिवार 1जुलाई को10जनपथ पर शाम पांच बजे सोनिया गांधी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस संसद में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा के अलावा यूसीसी पर भी अपने रुख को लेकर चर्चा करने वाली है। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी यूसीसी को लेकर3जुलाई के अपने सभी नेताओं के साथ बैठक करने वाली है।कांग्रेस के विश्वस्त सूत्रों का कहना है किआज होने वाली बैठक समान नागरिक संहिता पर 3 जुलाई को होने वाली बैठक की रुपरेखा निर्धारित करेगी। वहीं बीजेपी के सूत्रों का कहना है कि आगामी मानसून सत्र में बीजेपी यूसीसी का ड्राफ्ट देश की संसद में पेश कर सकती है।जहाँ अकेले भाजपा व उनके सहयोगी पार्टीयो कोअपने बल पर बिल पास करवाने के लिए इतना आसान नही होगा।सता पक्ष इस बिल को लोक सभा अपने संख्या बल पर आसानी से पास करवा लेगा लेकिन इसके विपरीत विपक्ष के मदद लिए यह बिल संसद के उच्च सदन राज्य सभा पास नही हो सकती है।आए हम इस पर विन्दुओं पर करते है। आप को बता दे राज्यसभा में कुल 245 सदस्य होते हैं।जिनमें से फिलहाल 8 सीटें खाली हैं।इसका मतलब है कि वर्तमान में संसद के उच्च सदन में कुल 237 सदस्य हैं।इस सदन मे कानून को पारित कराने के लिए भाजपा को कम से कम 119 राज्यसभा सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होगी। फिलहाल संसद के उच्च सदन में बीजेपी के 92 सदस्य हैं।अगर केंद्र सरकार संसद में समान नागरिक संहिता से संबंधित विधेयक पेश करती है,तो राज्यसभा से इस बिल को पास कराने में आम आदमी पार्टी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी । विगत दिनो मध्य प्रदेश के जन सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में भारत में समान नागरिक संहिता के लिए सार्वजनिक रूप से वकालत की है।एक देश में दो कानून होगा,तो देश कैसे चलेगा।तब से चहुं दिशाओ मे इस बात की गरमा गर्म बहस शुरू हो गई है कि केंद्र की भाजपा सरकार इस प्रस्ताव को 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले अमलीजामा पहनाने की कोशिश कर सकती है।कई वर्षो से भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का यू सी सी प्रमुख मुद्दा रहा है। आपके मन में शक,शंका व संसय के त्रिशंकु कई सबाल उठने लगे होगें कि आखिर युनिफार्म सिविल कोड़ क्या है। इसे लागु करना सरकार की क्या मजबूरी है।तो इस विषय पर हमने सुप्रीम कोर्ट के जाने माने कानूनविद एवं संविधान के जानकार व कई चर्चित केस के पैरवीकार वकील डा. ए पी सिंह के सम्पर्क कर यु सी सी की बारीकी समझे की कोशिश की है। डा ए पी सिंह के मुताबिक् समान नागरिक संहिता भारत एक देश और एक कानून की विचारधारा पर पूरी तरह से आधारित है।समान नागरिक सहिता के अंतर्गत भारत देश के सभी धर्मों,जातियों और समुदायों के लिए एक ही कानून पूरे देश में लागू किए जाने का प्रावधान बन रहा है।समान नागरिक संहिता यानि यूनिफॉर्म सिविल कोड में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन,विवाह,तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एक समान रूप से कानून बनाया जाना है।हमारे भारत के संविधान के मुताबिक भी भारत देश पूरी तरह से एक धर्म निरपेक्ष देश है,जिसमें सभी धर्मों,जातियो व संप्रदायों को मानने वालों को अपने अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं।पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो है।दूसरा,मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ है। समान नागरिक संहिता का पालन भारत में अब लागू होने जा रहा है लेकिन और भी कई संपन्न देशों में यह क़ानून पहले से ही चल रहा है,इसलिए इस पर विपक्षी पार्टियों को सिर्फ़ विरोध करने के लिए विरोध एवं हाय तौबा मचाने का कोई भी तुक नहीं बनता है। मै अपने पाठकों अवगत करा दें कि इसे अखिल भारतीय कानून बनने से पहले संसद मे पास करना होगा7 संसद के निचले सदन लोक सभा में उसके पास भारी बहुमत है।ऐसे में सभी की निगाहें राज्यसभा पर होंगी,जहां बीजेपी अपने सहयोगी दलों के साथ बहुमत के आंकड़े से कुछ कदम ही पीछे है।यहां ध्यान देने वाली बात है कि आम आदमी पार्टी( आप)ने बीजेपी को एक बड़ी उम्मीद दी है,क्योंकि उसने यू सी सी को सैद्धांतिक तौर पर अपना समर्थन दिया है।लेकिन क्या राज्यसभा से यू सी सी बिल को पास कराने के लिए( आप)का समर्थन काफी होगा?वर्तमान मे राज्यसभा की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक उच्च सदन अथार्त राज्य सभा में कुल 245 सदस्य संख्या में से फिलहाल 8 सीटें रिक्त हैं। इसका अर्थ यह है कि वर्तमान में उच्च सदन में कुल 237सदस्य हैं।इस कानून को पारित कराने के लिए भाजपा को कम से कम 119 राज्यसभा सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होगी। फिलहाल उच्च सदन में बीजेपी के 92 सदस्य हैं।पिछले सप्ताह उसे एक सीट का नुकसान हुआ, जब उत्तर प्रदेश से उसके राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे का निधन हो गया था।भाजपा व उनके सहयोगी एनडीए की कुल ताकत राज्य सभा में109 सदस्यों की है।इसका अर्थ यह हुआ कि समान नागरिक संहिता विधेयक को उच्च सदन में सफलतापूर्वक पारित कराने के लिए उसे10और सदस्यों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी।जहाँ तक तटस्थ दलों की बात आती है।तो बीजद और वाईएसआर कांग्रेस दोनों के पास राज्यसभा में 9-9 सदस्य हैं।यदि वे दोनों यूसीसी पर भाजपा का समर्थन करने का निर्णय लेते हैं,तो उसे राज्यसभा में यूसीसी बिल को पास कराने के लिए आवश्यक बहुमत आसानी से मिल जाएगी।हालाँकि एक महशुर दैनिक समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है किआंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी अपने अल्पसंख्यक वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए राज्यसभा में यूसीसी बिल का समर्थन नहीं करेगी।जिस के कारण बीजेपी को1वोट की कमी हो जायेगी।भले ही बीजेडी सदन में उसका समर्थन करे।यही कारण है कि आमआदमी पार्टी राज्यसभा में यू सी सी बिल पास कराने में तुरुप का इक्कासाबित हो सकती है।आप को बता दें किआमआदमी पार्टी का राज्यसभा दिल्ली से 3 पंजाब से 7 के साथ कुल10 सांसद है।अगरअरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी का समर्थन भाजपा को संसद में यूसीसी को मंजूरी दिलाने में मदद कर सकता है।संसद का मानसून सत्र संभवत जुलाई के तीसरे सप्ताह में शुरू होगाऔरअगस्त के मध्य तक चलेगा।इस सत्र के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और तृणमूल के डेरेक ओ'ब्रायन सहित 10 राज्यसभा सीटों के लिए भी मतदान होगा।जिसकी तारीख 24 जुलाई निंधारित की गई है।इससे 237 सदस्यीय सदय मे ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है।क्योंकि भाजपा और टीएमसी के पास संबंधित विधान सभाओं पश्चिम बंगाल,गुजरात और गोवा में अपनी सीटें बरकरार रखने के लिए पर्याप्त ताकत है।हालांकि एकमात्र बदलाव यह होगा कि भाजपा को पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की कीमत पर एक सीट हासिल होगी। यदि ऐसा होता है,तो संयुक्त एनडीए की ताकत फिर से110 हो जाएगी।उस स्थिति में,बीजेडी या आम आदमी पार्टी का समर्थन केंद्र सरकार को संसद के माध्यम से यू सी सी पारित करने में मदद कर सकता है।इस तरह यूसीसी की राह में एकमात्र रोड़ा बीजेपी के सहयोगी दल या तटस्थ बीजेडी ही बन सकते हैं।

# श्रावणी मेला में साकार होता है शिव का मंगलकारी स्वरूप

लेखक - कुमार कृष्णन

प्रत्येक वर्ष श्रावण के पावन महीने में लगनेवाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला अवधि में सुलतानगंज की महिमामयी उत्तर वाहिनी गंगा तट पर स्थित अजगैबीनाथ धाम से लेकर देवघर के द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम के करीब 110 किमी के विस्तार में मानों शिव का विराट् लोक मंगलकारी स्वरूप साकार हो उठता है और समस्त वातावरण कांवरियां शिव भक्तों के जयकारे से गूंजायमान रहता है।भगवान शंकर, जो देवों के देव महादेव कहलाते हैं, के बारे में धार्मिक मान्यता है कि श्रावण मास में जब समस्त देवी-देवतागण विश्राम पर चले जाते हैं, वहीं भगवान भूतनाथ गौरा पार्वती के साथ पृथ्वी-लोक पर विराजमान रहकर अपने भक्तों के कष्ट-कलेश हरते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। ऐसी लोक-आस्था है कि श्रावण मास के दिनों में भगवान शंकर बैधनाथ धाम और अजगैबीनाथ धाम में साक्षात् विद्यमान रहते हैं जहां उनकी अर्चना द्वादश ज्योतिर्लिंग और अजगैबीनाथ महादेव के रूप में होती है। यही कारण है कि औघड़दानी शिव के पूजन हेतु लाखों भक्त सुलतानगंज अजगैबीनाथ धाम और देवधर बैद्यनाथ की ओर उमड़ पड़ते हैं। सुलतानगंज में गंगा उत्तरवाहिनी है, जिसका विशेष महात्म्य हैं। भगवान शंकर को गंगा का जल अत्यंत प्रिय है। और, यदि यह जल उत्तरवाहिनी का हुआ तो अति उत्तम। पौराणिक कथा के अनुसार यहां ऋषि जह्नु का आश्रम था। जब भगीरथ गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर ला रहे थे, तो कोलाहल से क्रोधित होकर ऋषि जहनु ने गंगा का आचमन कर पी लिया। किंतु बाद में भगीरथ के अनुनय विनय करने पर अपनी जंघा से गंगा को प्रवाहित किया जिसके कारण पतित पावनी गंगा जाह्नवी कहलायी। आनंद रामायण में वर्णित है कि भगवान श्रीराम ने सुलतानगंज की उत्तरवाहिनी गंगा के जल से बैद्यनाथ महादेव का जलभिषेक किया था। फिर भला भक्तगण कैसे चूकते। और, चल पड़ा परिपाटी सुलतानगंज से उत्तरवाहिनी गंगा का जल कांवर में लेकर बाबा बैद्यनाथ पर अर्पित करने की। श्रावण के महीने में सुलतानगंज से देवघर तक करीब 100 कि0 मी0 के विस्तार में कांवरियां तीर्थयात्रियों के कावंरों में लचकती मचलती गंगा मानों बहती-सी जाती हैं- जैसे दो -दो गंगा बहती है श्रावण में- एक कांवरों में सवार होकर देवघर की ओर, और दूसरी अविरल वहती हुई बंगाल की खाड़ी की ओर। ऐसा चमत्कार तो सिर्फ भगवान भोले शंकर ही कर सकते हैं। इतना ही नहीं, श्रावण मास में बारिश की रिम-झिम फुहारो के साथ-साथ बसंत ऋतु की अलौकित छंटा भी अजगैबीनाथ सुलतानगंज और सम्पूर्ण कावंरियां-पथ पर देखने को मिलती है। मेले में लगी दूकानों में सुलतानगंज में कावंरों में लगे प्लास्टिक के लाल, पीले, हरे, गुलाबी खिले-खिले फूल अनुपम दृश्य उपस्थित करते हैं- लगता है मानों सावन में बसंत का आगमन हो गया हैं। ऐसा तो सिर्फ शिव की कृपा से ही संभव है। श्रावण मास में सुलतानगंज से बैद्यानाथ की कांवर-यात्रा मात्र एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, वरन् इसके पीछे हमारी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, सामाजिक और आर्थिक मान्यताएं भी छिपी हुई हैं। यदि हम पौराणिक संदर्भ लें तो वह कावंड़-यात्रा आर्य और अनार्य संस्कृतियों के मेल और संगम को दर्शाता है। कहां आर्य मान्यताओं की देवी गंगा और कहां अनार्यो के देव महादेव पर गंगा-जल का पर अर्पण आर्य और अनार्य संस्कृतियों के काल क्रम में हुए समागम को दर्शाता है। इसी तरह आर्यो के देव श्रीराम के द्वारा सुलतानगंज की उत्तरवाहिनी गंगा को कांवर में लेकर बैद्यनाथ महादेव का पूजन इसी भाव को इंगित करता हैं।

सुलतानगंज से देवघर की कांवर-यात्रा मात्र एक धार्मिक यात्रा ही नहीं वरन् शिव और प्रकृति के साहचर्य की यात्रा है। कांवर-मार्ग में हरे-भरे खेत, पर्वत, पहाड़, घने जंगल, नदी, झरना, विस्तृत मैदान-सभी कुछ पड़ते हैं। रास्ते में जब वारिश की बौछारें चलती हैं तो बोल बम का निनाद करते हुए कावंरिया भक्तगण मानों भगवान शंकर के साथ एकाकार हो उठते हैं। देवघर में जल अर्पण करके लौटते समय न सिर्फ धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से अपने को परिपूर्ण पाता है, वरन् प्रकृति के सीधे साहचर्य में रहने के कारण वह अपने अंदर एक नयी उर्जा और उत्फूल्लता महसूस करता है। आज के प्रदूषण के युग में अभी भी प्रकृति के पास मनुष्य को देने के लिये बहुत कुछ है- यह संदेश श्रावणी मेला की कावंर यात्रा देता है जो इसमें शामिल होकर ही महसूस किया जा सकता है। जल शांति, स्वच्छता और जीवन का प्रतीक है-शीतलता से भरा हुआ। भगवान शंकर पर जल का अर्पण हमें शांति और शीतलता का ही तो संदेश देता प्रतीत होता है। इस धार्मिक उन्माद के युग में आज निहित स्वार्थी तत्वों ने आडंबर और वृहत् अनुष्ठानों की आड़ लेकर धर्म को धन-बल प्रदर्शन का साधन बना लिया है। वहीं श्रावण में शिव यह संदेश देते हैं कि मुझपर सिर्फ गंगा जल और बेलपत्र चढ़ाओ, और वरदान में मुझसे जीवन की सारी खुशियां ले जाओ। आज के मार-काट के दौर में भी बैद्यनाथ-धाम मंदिर से सटी दूकानों में हमारे मुसलमान भाई सुहाग की चूड़िया बेचते हैं बाबा के रंग में रंगकर। आज के इस अपहरण-अपराध के दौर में भी देवघर के कैदी प्रतिदिन बाबा बैद्यनाथ पर अर्पित होनेवाले फूलों के श्रृगांर बनाते हैं और जेल से बाबा मंदिर तक बम भोले का जयकारा करते हुए प्रतिदिन आते हैं। कांवर-मार्ग पर कोई छोटा-बड़ा नहीं- सिर्फ बम है-बड़ा बम, छोटा बम, मोटा बम, माता बम,! न अमीर-न गरीब, न उच-न नीच! बस बम शंकर के भक्त बम! बोल बम। शिव का स्वरूप विराट् है द्द इसका कोई आर-पार नहीं । और उनका यह विराट् स्वरूप मानों श्रावणी मेला में साकार हो जाता है।




चीन में लाओत्से के समय में ऐसी प्रचलित धारण थी कि आदमी के शरीर में नौ छेद होते हैं। उन्हीं नौ छेदों से जीवन प्रवेश करता है और उन्हीं से बाहर निकलता है। दो आंखें, दो नाक के छेद, मुंह, दो कान, जननेंद्रिय, गुदा। इसके साथ चार अंग हैं- दो हाथ और दो पैर। सब मिला कर तेरह। यही तेरह अंग जीवन के साथी हैं और मृत्यु के भी साथी हैं। यही तेरह जीवन में लाते हैं और यही जीवन से बाहर ले जाते हैं। तेरह का मतलब यह पूरा शरीर। इन्हीं से तुम भोजन करते हो; इन्हीं से जीवन पाते हो; इन्हीं से उठते-बैठते और चलते हो। यही तुम्हारे स्वास्थ्य का आधार हैं और यही मृत्यु का भी आधार होंगे। क्योंकि जीवन और मृत्यु एक ही चीज के दो नाम हैं। इन्हीं से जीवन तुम्हारे नाम आएगा, इन्हीं से बाहर जाएगा। इन्हीं से शरीर के भीतर खड़े हो। इन्हीं के साथ शरीर टूटेगा, इनके द्वारा ही टूटेगा। हैरानी की बात है। यही तुम्हें संभालते हैं और यही मिटाएगें। भोजन तुम्हें जीवन देता है, शक्ति देता है और भोजन की शक्ति से अपने भीतर की मृत्यु को बड़ा किये चले जाते हो। भोजन तुम्हें बुढ़ापे तक पहुंचा देगा, मृत्यु तक पहुंचा देगा। आंख, नाक, कान से जीवन की श्वास भीतर आती है। उन्हीं से बाहर जाती है। नौ द्वार और चार अंग। लाओत्से कहता है- तेरह ही जीवन के साथी, तेरह ही मौत के साथी। ये तेरह ही ले जाते हैं। अगर तुम सजग हो जाओ तो तुम चौदहवें हो। इन तेरह के पार हो। इस तेरह की संख्या के कारण चीन और फिर धीरे-धीरे सारी दुनिया में, तेरह का आंकड़ा अपशकुन हो गया। इस सुपरस्टीशन की पैदाइश चीन में हुई। अमेरिका में होटलों में तेरह नंबर का कमरा नहीं होता; तेरह नंबर की मंजिल भी नहीं होती।

## आज का सुविचार

प्राण देकर भी मित्र के प्राण की रक्षा करनी चाहिए।
– बाणभट्ट

जो काम पड़ने पर सहायक होता है, वही मित्र है।
– दीर्घनिकाय

# व्यावसायिक शिक्षा ही बेरोजगारी का समाधान है

लेखक - विजय गर्ग

बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है. हर साल लाखों युवा स्कूल/कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद हाथ में डिग्री/डिप्लोमा लेकर नौकरी की तलाश में रहते हैं। संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम होने से बेरोजगारी बढ़ रही है। पंजाब में बेरोजगारी दूर करने के लिए व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा को और अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है। प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय स्तर पर व्यावसायिक प्रशिक्षण से संबंधित है।एपेक्स प्रोग्राम निष्पादन का निकाय है। अवधि शिल्पकार योजना पर प्रशिक्षण की दोहरी प्रणाली इस योजना के तहत इलेक्ट्रिसिटी, रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग मैकेनिक, फिटर, मशीनिस्ट, मैकेनिक ट्रैक्टर, वायरमैन, मैकेनिक डीजल, प्लंबर, वेल्डर, सीओपीए आदि जैसे 62 प्रकार के इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। नए कोर्स भी लॉन्च किए जा रहे हैं. ये कोर्स 1 या 2 साल की अवधि के होते हैं। ये पाठ्यक्रम एनसीवीटी/एससीवीटी से संबद्ध हैं। दोहरी प्रशिक्षण योजना के तहत संस्थान में प्रशिक्षुओं की सैद्धांतिक एवं बेसिक कक्षाएं संचालित की जाती हैंव्यावहारिक प्रशिक्षण देने के बाद समन्वित उद्योगों में आधुनिक मशीनों पर नवीनतम तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाता है। पासआउट विद्यार्थियों को एनसीवीटी प्रमाणपत्र दिया जाता है। - कला एवं शिल्प शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम। - पंजाबी आशुलिपि। - कटाई-सिलाई एवं कढ़ाई शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम। संस्थानों व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए देश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) हैं। तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, पंजाब के तहत सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और निजीसंबद्ध औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/केंद्र/शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान/कला और शिल्प संस्थान हैं। सभी सरकारी और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की जानकारी विभाग की वेबसाइट 222.श्चह्ठद्भद्वड्डद्बह्लद्दह्य.द्द४1.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई), मोहाली में शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के तहत बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, इंटीरियर डिजाइन और सजावट, फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक्स, हॉस्पिटल हाउस कीपिंग, फलों और सब्जियों के संरक्षण में पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानदो वर्षीय टर्नर और एक वर्षीय आईओटी तकनीशियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर) ट्रेड कारीगर प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के तहत (एनएसटीआई), लुधियाना (पूर्व में एटीआई) में उपलब्ध हैं। वेबसाइट~ 222.ठ्ठह्यह्लद्यह्वस्रद्धद्बड्डठ्ठड्ड.स्रद्दह्न.द्द४1.द्बठ्ठ प्रवेश के लिए बुनियादी पात्रता शिल्पकार योजना के तहत अधिकांश पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 10+2 शिक्षा प्रणाली के तहत 10वीं (मैट्रिकुलेशन) उत्तीर्ण है। कई पाठ्यक्रमों में विज्ञान और गणित विषय अनिवार्य हैं। कारपेंटर, मेसन, वायरमैन, वेल्डर, ड्राइवर-कम-मैकेनिक (लाइट मोटर व्हीकल) जैसे कुछ पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम योग्यता आठवीं है।गुजरता प्रवेश के वर्ष की 1 अगस्त को न्यूनतम आयु 14 वर्ष है और ऊपरी आयु सीमा लागू नहीं है। कला शिल्प के लिए न्यूनतम योग्यता 10+2 प्रणाली के तहत 10वीं पास है और 8वीं कक्षा/10वीं कक्षा या 10+2 कक्षा में ड्राइंग/पेंटिंग विषय या 10+2/बीए या एमए कक्षाओं में ललित कला/वाणिज्यिक कला का अध्ययन किया होना चाहिए। न्यूनतम आयु 15 वर्ष होनी चाहिए। स्टेनोग्राफी के लिए न्यूनतम योग्यता 10+2 प्रणाली के तहत 10वीं पास है और 10वीं कक्षा में पंजाबी विषय अनिवार्य है। ड्राइवर-सह-मैकेनिक (हल्के वाहन) के लिए पात्र।8वीं कक्षा उत्तीर्ण और 18 वर्ष की आयु आवश्यक है। उम्मीदवार शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए. नई व्यावसायिक कल्याण प्रशिक्षण योजना पंजाब राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नई व्यावसायिक कल्याण प्रशिक्षण योजना के तहत अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाता है। प्रवेश प्रक्रिया इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन माध्यम से किया जाता है।




राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, प्रथम श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमें तिथि चतुर्थी, पंचमी, शुक्रवासरे, शतभिषा नक्षत्र, आद्र योगे, कौलव करणे, कुंभ की चंद्रमा, नागपंचमी, मरुस्थले तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, धनी-मानी, वाहन चालक, आटो पार्ट मालिक, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर तथा प्रिंसपल, कर्मशील होगा।

**मेष राशि-** इष्ट मित्रों से धोखे की संभावना है, सतर्कता से विरोध के बाद भी लाभ होगा।

**वृष राशि -** समय हर्ष-उत्साह से बीतेगा, धन लाभ, अधिकारी वर्ग का समर्थन फलप्रद होगा।

**मिथुन राशि-** सफलता के साधन जुटायेंगे, तनावपूर्ण स्थिति से बचिये, समय का ध्यान रखें।

**कर्क राशि -** स्थिति में सुधार होगा, स्त्री वर्ग से हर्ष, व्यवसायिक क्षमता अनुकूल होगी।

**सिंह राशि -** आशानुकूल सफलता से हर्ष, समय स्थिति को देखकर कार्य अवश्य करें।

**कन्या राशि -** धन का व्यर्थ व्यय होगा, दूसरों के कार्य में हस्ताक्षेप करने से तनाव अवश्य होगा।

**तुला राशि -** कार्यगति अनुकूल होगी, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, मित्र सहयोग करेंगे।

**वृश्चिक राशि -** सामाजिक कार्य में प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि एवं कार्य कुशलता से संतोष होगा।

**धनु राशि -** कार्य कुशलता से हर्ष, योजना फलीभूत होगी, रुके कार्य अवश्य ही बन जायेंगे।

**मकर राशि -** अधिकारियों के कोप से बचें, तनाव व क्लेश रहेगा, आवेग व अशांति की स्थिति में धैर्य से काम लें।

**कुंभ राशि -** उदविघ्नता व असमंजस का वातावरण रहने से मन क्लेशयुक्त रहेगा, शांति व धैर्य रखें।

**मीन राशि-** बिगड़े हुये कार्य बनेंगे, योजनायें फलीभूत होंगी, सफलता के साधन जुटायें।

## आज का इतिहास

- 1948 - स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय परियोजना।
- 1998 - पं. विश्वमोहन भट्ट को सं.रा. अमेरिका का प्रतिष्ठित दशाब्दी का सर्वाधिक प्रशंसित व्यक्ति सम्मान मिला।
- 1999 - फ्रांसीसी वैज्ञानिकों द्वारा पेचिस पेचिस के नये टीके की खोज।
- 2007 - अमेरिका के दूरसंचार उपग्रह डायरेक्ट वी-10 को रूस के प्रोटान-एम रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया।
- 2008 - काबुल (अफ़ग़ानिस्तान) में हुए भारतीय दूतावास पर हमले में 41 लोग मारे गये।

7 जुलाई को जन्मे व्यक्ति

- 1656 - गुरु हर किशन सिंह - सिक्खों के आठवें गुरु।
- 1854 - मोहम्मद बरकतउल्ला - भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे।
- 1900 - काला वेंकटराव - दक्षिण भारत के एक प्रमुख राजनैतीक कार्यकर्ता।
- 1922 - चंद्रशेखर वैद्य - भारतीय सिने अभिनेता थे। उन्हें मुख्यत- चंद्रशेखर के नाम से ही जाना जाता था।
- 1929 - ठाकुर राम लाल - हिमाचल प्रदेश में भारतीय राष्टीय कांग्रेस के राजनेताओं में से एक थे।
- 1934 - राघवजी - भारतीय जनता पार्टी के नेता।
- 1935 - अंशुमान सिंह - राजस्थान और गुजरात के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व न्यायमूर्ति थे।
- 1942 - मनोहर कान्त ध्यानी - उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ तथा राजनेता हैं।
- 1981 - महेन्द्र सिंह धोनी - प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर।
- 1883 - चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, प्रसिद्ध साहित्यकार
- 1878 - रणधीर सिंह - प्रसिद्ध सिख नेता और क्रांतिकारी थे।

## पेयजल आपूर्ति को लेकर हाय तौबा, चेयरमैन ने चैक किए नलकूप



जसवंतनगर(इटावा)। नगर के कुछ मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति को लेकर मची हाय तोबा और कई दिन से कहीं कहीं जलापूर्ति न होने को लेकर पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण संखवार के अब जाकर कान खड़े हुए हैं। उन्होंने बुधवार को नगर की जलापूर्ति संचालित करने वाले बस स्टेंड चौराहा स्थित पेयजल टैंक, वहां मंडी व रामलीला रोड तथा फक्कडपुरा मोहल्ला स्थित नलकूपों का निरीक्षण किया। छिमारा रोड पर डाली जा रही लाइन को भी चैक किया।

पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार ने पालिका के कर अधिकारी अरविंद्र शर्मा और जलकल विभाग के लालकुमार और सम्बंधित कर्मचारी गण भी साथ थे। टंकियों पर कार्यरत कर्मचारियों को समय से जलापूर्ति करने के आदेश देते कहां की हर हालत में समयबद्ध तरीके से नगर में जलापूर्ति होना चाहिए जहां भी दिक्कत आए उन्हें सूचित किया जाना चाहिए। टूटी और गंदा पानी दे रही पाइप लाइनों की दुरुस्तगी शीघ्र से कराय जाए। निरीक्षण के दौरान छिमारा रोड वार्ड 5 मे चल रहे पाइपलाइन के काम को भी उन्होंने खुद देखा। ठेकेदार को यथा शीघ्र लाइन चालू कराने के निर्देश दिए। पेयजल आपूर्ति को लेकर पालिका अध्यक्ष द्वारा कार्यभार संभाले जाने से समय से ही शिकायतें आ रही हैं, कई सभासद इस संबंध में उन्हें अवगत भी करा चुके हैं, मगर जलापूर्ति व्यवस्था इस भीषण गर्मी के मौसम में भी लाइन पर नहीं आ सकी है। इस वजह से कई सभासदों में रोष व्याप्त है और वह पालिका अध्यक्ष पर मनमानी करने का आरोप लगा रहे हैं।

## खाद्य निरीक्षक द्वारा दुकानों पर छापामारी,दुकानों पर ताले लटके

जसवंतनगर (इटावा)। गुरुवार को खाद्य निरीक्षक द्वारा यहां नगर में खाद्यपदार्थ विक्रेताओं की दुकानों पर छापे मारे गए और सैंपल भरे गए। छापेमारी किए जाने से बाजार में धड़ाधड़ खाद्य पदार्थों की दुकानें बंद हो गई। सूत्रों ने बताया है कि कई मिष्ठान विक्रेताओं और एक राष्ट्रीय स्तर की कंपनी के प्रोडक्ट के विक्रेता के यहां टीम ने छापा मारा और नमूने लिए। बाद में खाद्य निरीक्षक की यह टीम यहां थाने में रिपोर्ट लिखाने भी पहुंची, मगर उनकी तहरीर अधूरी होने के कारण देर शाम तक एफ आई आर दर्ज नहीं हुई थी। बताते हैं कि छापामार टीम द्वारा सैंपल लिए जाने के बाद सैंपलों की संख्या पत्रकारों को नही बताई गई और दुकानदारों से सैंपल बदलने की डीलिंग आरंभ की गई थी। नगर में दुकानदारों के यहां छापा मारने आने वाली खाद्य निरीक्षक की यह टीम और उसके अधिकारी अवैध वसूली के चलते व्यापारियों में पहले से ही विवादास्पद रही है। क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव से इसको लेकर पहले कई शिकायतें की जा चुकी हैं। खाद्य निरीक्षक द्वारा जसवंतनगर में अपने दलाल नियुक्त हैं, जिनके द्वारा मंथली वसूली किए जाने के आरोप लगते रहे हैं।

## खाली प्लाट में पेशाब करने पर चार लोगों ने मिलकर युवक को धुना, हरिजन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**अजीतमल ( औरैया )-- योगेंद्र गुप्ता।** एक युवक के साथ की मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के टड़वा विकु निवासी विमल कुमार दोहरे पुत्र देवता प्रसाद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कि 4 जुलाई को शाम करीब 6ः00 बजे वह भीखे पुर बाजार से पंखा खरीद कर अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में शराब ठेका के पास खाली पड़े प्लाट में वह पेशाब करने लगा पेशाब करने को लेकर ठेके में दुकान किए विमल उर्फ अनुराग , बीटू, कल्लू पुत्र गण राधे निवासी भीखेपुर व सोनू पुत्र तुलाराम ने उसके साथ जातिसूचक गालियां देकर मारपीट की पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद लोगों के खिलाफ दलित एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## दो पक्षो में हुये विवाद में चले लाठी डंडे तीन लोग घायल

दोनो पक्षो द्वारा अलग अलग दी गयी तहरीर के आधार पर ग्राम प्रधान सहित सात लोगो पर मुकदमा दर्ज अजीतमल। बुधवार की रात्रि में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सॉफर में दो पक्षो में विवाद हो गया तथा विवाद में चले लाठी डण्डो में तीन लोग घायल हो गये। कोतवाली में एक पक्ष ने जहा ग्राम प्रधान सहित चार लोगो पर मारपीट करने तथा जाति सूचक गालिया देने का आरोप लगाया है तो वही ग्राम प्रधान ने रंगदारी मांगने सहित लूट की तहरीर दी है कोतवाली पुलिस ने दोनो पक्षो की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर कार्यवाही की है। कोतवाली में क्षेत्र के ग्राम सांफर निवासी मोनू कठेरिया, ने तहरीर दी है कि बुधवार की शाम, वह गांव के ही अपने साथी अनुराग दुबे के खेतो से वापिस घर आ रहा था तभी रास्ते में ग्राम प्रधान आशुतोष कुमार अपने साथी शिव, धीरेंद्र कुमार व वीरेंद्र कुमार के साथ आ गये सडक पर रोक लिया और उसे जातिसूचक गालियां देते हुए साथ में लिये लाठी डण्डो से लात घूसों से दोनो लोगो की बुरी तरह मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी वह किसी अपनी जान बचाकर भागा तो उक्त लोगो ने पीछा किया तब वह किसी तरह अपने घर में घुसकर जान बचाई।

वही दूसरे पक्ष से सांफर गांव निवासी आशुतोष कुमार ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया है कि करीब आठ बजे रात्रि, गांव के ही रविंद्र नारायण दुबे, अपने पुत्रों पुष्पेंद्र दुबे, आशु दुबे, व अनुराग दुबे के साथ उसके घर में घुस आए। गालियां देते हुए एक लाख रुपए रंगदारी मांगने लगे। मना करने पर डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट शुरू कर दी। तथा गले में पहनी हुई सोने की चेन झपट ली। प्रधानी चलानी है तो रंगदारी दो वरना जान से मार देंगे, यह धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मुकेश चौहान ने बताया कि दो पक्षो में झगड़ा हुआ था जिसमें दोनो पक्षो से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पॉच लोगो पर शान्तिभंग कीं कार्यवाही की गयी है।

## डॉक्टर को चाकू मारकर घायल करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने चाकू किया बरामद

**अजीतमल (औरैया)-- योगेंद्र गुप्ता।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के फूटे कुआं स्थित एक क्लीनिक पर डॉक्टर को चाकू मारकर घायल करने की घटना में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तुम्हरिया गांव निवासी बृजेंद्र सिंह का फूटाकुंआ चौराहे पर क्लिनिक है। बुधवार की सुबह जब वह अपने क्लीनिक पर बैठे थे तभी अचानक कुछ लोगो ने चाकू से हमला कर दिया और मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग गए थे। क्लीनिक पर बैठे प्राइवेट डाक्टर पर चाकू से हमला ,मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग गए थे घटना के बाद डॉक्टर की पत्नी सुधा देवी पत्नी बृजेंद्र सिंह द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर उसके पति के साथ चाकू मारकर घायल करने स्त्रियों के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गांव के ही कवि राम व सुंदरम पुत्र गण अरविंद, विनय पुत्र ताराचंद, अरविंद पुत्र होरीलाल के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया था पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की इस संबंध में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने बताया है डॉक्टर को चाकू मारने के आरोप में तहरीर के आधार पर 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है वही एक आरोपी कवि राम को घटना में प्रयोग चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया गया है

# भगवान को भक्ति प्रिय है, उसी से होते हैं वशीभूत : हरे कृष्ण शास्त्री

### *मदभगवद कथा में तीसरे, चौथे दिन प्रवचन

### क्रोध करने से 40 दिन की शक्ति होती नष्ट



जसवंतनगर (इटावा)। यहां बिलैया मठ स्थित बीएसजी फार्म में चल रही मदभागवत कथा में तीसरे और चौथे दिन वृंदावन से पधारे भागवताचार्य डॉ हरे कृष्ण शास्त्री ꖴशरदꖴ ने शुकदेव पूजन और विदुर चरित्र, ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद, भरत चरित्र, अजामिल आदि व्याख्यानो का वर्णन करते भागवत प्रेमियों को भाव विभोर कर दिया।

उन्होंने अपने प्रवचनों में बताया कि शुकदेव जी महाराज महाभारत काल के मुनि और वेदव्यास जी के पुत्र तथा बचपन में ही ज्ञान प्राप्ति के लिए वन चले गए थे। परीक्षित को उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा सुनाई थी। व्यास जी से उन्हे महाभारत पढ़ाया था। विदुर की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि वह हस्तिनापुर के प्रधानमंत्री, कौरवों और पांडवों के काका और धृतराष्ट्र एवं पांडु के भाई थे। एक दासी के गर्भ से उनका जन्म हुआ था। विदुर ने अपने नीतियों के जरिए महाभारत को रोकने का भरसक प्रयास किया,मगर सफल नहीं हुए थे।

ꖴशरदꖴ जी महाराज ने बताया कि भगवान को भक्ति प्रिय है और इसी भक्ति के वशीभूत होकर उन्होंने शबरी के जूठे बेर तक खाए थे। उन्होंने बताया कि रामचरितमानस में तुलसीदास जी महाराज ने बतलाया है कि जात, पात पूछे नहीं कोई, हर को भजे ,सो हर को होई। चलते ,फिरते ,उठते बैठते सदा हरि का ध्यान करते रहना चाहिए। जैसे किसान खेत में बीज डालता है, तो यह नहीं देखता कि सीधा गिरा या उल्टा, मगर समय आने पर सभी अंकुरित हो जाते हैं। उसी तरह भगवान का नाम लेने से भगवान की प्राप्ति अवश्य ही होती है। चाहे जैसे भी भगवान को भजो । उन्होंने कहा कि ज्यादा प्रसन्नता और ज्यादा गुस्से में तुरंत ही कुछ नहीं बोलना चाहिए। क्रोध करने से हमने जीवन में 40 दिन में जो शक्ति अर्जित की वह और सारे पुण्य एक ही पल में ही समाप्त हो जाते है। उन्होंने सनत कुमार के क्रोध का भी वर्णन किया। इस भागवत कथा में अब काफी भीड़ जुट रही। संतोष कुमार, सचिन कुमार गुप्ता बर्तन वालों द्वारा किए गए इस आयोजन से जसवंत नगर में धर्म गंगा प्रवाहित हो रही है। भागवत सप्ताह के आयोजक सचिन गुप्ता बंटी ने बताया है कि रोजाना कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक है। कथा 3 जुलाई से आरंभ हुई है और10 जुलाई को पूर्णाहुति होगी।

प्रमोद गुप्ता, राकेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता,राजीव गुप्ता, संजय गुप्ता , अभिषेक गांगलस, संदीप गांगलस, लविन गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि परिवारी जन एवं प्रियंक गुप्ता, आशीष चौरसिया, मोहित गुप्ता ,अतुल गुप्ता, मनीष अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, पवन गुप्ता, राज किशोर गुप्ता के अलावा नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्यवस्था में जुटे हैं।

# डीएलएड तृतीय सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू, पहले दिन 24 ने छोड़ी परीक्षा



जसवंतनगर(इटावा)द्ध गुरुवार से जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर आरंभ हुई डीएलएड (बीटीसी) तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान जसवंतनगर के हिंदू विद्यालय इंटर मिडियेट कालेज परीक्षा केंद्र पर कड़ाई के चलते 24 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। तृतीय सेमेस्टर की यह परीक्षाएं जिले में हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज के अलावा एचएमएस इस्लामिया इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज इटावा केंद्रों पर 3 दिन चलेगीद्ध वैसे यह परीक्षा 3 जुलाई से प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ आरंभ हुई थी। डाइट इटावा के नवागत प्राचार्य और उप शिक्षा निदेशक के पी सिंह ने डीएलएड परीक्षा के जिला प्रभारी मनोज कुमार यादव , अगम मिश्रा, सचल दल की डॉ अलका रस्तोगी के साथ आकर हिंदू विद्यालय केंद्र में द्वितीय पाली में औचक निरीक्षण कियाद्ध

परीक्षा व्यवस्थाएं उन्हे दुरुस्त मिलीं। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव, जो राष्ट्रपति पुरुस्कृत होने के साथ साथ आसपास के जिलों और जनपद इटावा में नकलविहीन परीक्षाएं कराने के लिए ख्यातिप्राप्त हैं, की जमकर प्रशंसा करते विजिटर रजिस्टर पर प्रशस्ति दर्ज की। केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र प्रसाद ने ब ताया है कि तृतीय सेमेस्टर के कुल 651 परीक्षार्थी यहां थे ,जिनमे 24 ने परीक्षा पहले ही दिन परीक्षा छोड़ दी। 627 ही सम्मिलित हुए पर्यवेक्षक रामसेवक प्राचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज की मौजूदगी में कॉलेज के प्रवक्ता संजीव कुमार, डॉक्टर अनिल पोरवाल, कौशलेंद्र यादव पीटीआई, नेहा यादव, अर्चना श्रीवास्तव आदि उड़नदस्ते के रूप में निरंतर 18 परीक्षा कक्षों में भ्रमणरत रहीं।

# जसवंतनगर इलाके में आत्महत्याओं का दौरए बी.कॉम की छात्रा फांसी पर झूली

### 'सिरसा नदी पुल के पास रहने वाली घर में अकेली थी



**जसवंतनगर;इटावाद्ध।** इलाके में आत्महत्याओं का दौर जारी है। 36 घंटे पूर्व नगला खुशहाली गांव में एक 18 वर्षीय किशोरी ने आत्महत्या की थीए जबकि गुरुवार सुबह यहां कस्बा जसवंतनगर के सिरसा नदी पुल मोहल्ला में 22 वर्षीया बीकॉम द्वितीय वर्ष में पढ़ने वाली एक छात्रा ने भी फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। बताते चलें कि जसवंत नगर इलाके में इस वर्ष जनवरी महीने से लेकर इस जुलाई तक डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों ने आत्महत्या का रास्ता चुन अपनी जीवन लीला समाप्त की है। नगर के नदी पुल मोहल्ला निवासी त्रिपुरारी यादव; मूल निवासी तमैरा की मड़ैया थाना जसवंतनगरद्ध की पौत्री डौली यादव;22 वर्षद्ध गुरुवार सुबह घर के ऊपर के कमरे में रस्सी से जंगले से फांसी पर लटकी मिली। रात में वह घर में अकेली थी।वह यहां अपने बाबा के साथ दो वर्षों से रहती थी। उसके पिता शैलेंद्र यादव गाजियाबाद में नौकरी करने के कारण अपने बेटे मोहित और पत्नी के साथ रहते हैं। बाबा त्रिपुरारी ने बताया कि बुधवार रात 9 बजे वह बाजार से घर पर आए थे और दरवाजा खटखटाते रहे थे। उन्हें लगा कि उनकी पौत्री सो गई हैऔर कूलर चलने के कारण उसकी आवाज नही सुन पा रहीए इसलिए दरवाजा नहीं खोल रही है। अत: वह अहीर टोला मोहल्ला चले गए थे। सबेरे 6 बजे वह आए और फिर दरवाजा खटखटायाए मगर फिर भी दरवाजा नहीं खुलाए तो उन्होंने लोगों को बताया और सीढ़ी लगाकर घर की छत पर चढ़ेए तो कमरे में डोली फांसी पर झूल रही थीएउसकी मौत हो गई थी।मृतका डोली यहां नगर के रेल मंडी इलाके में स्थित एक डिग्री कॉलेज की छात्रा थी। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी और कस्बा चौकी इंचार्ज कपिल चौधरी ने घटनास्थल पहुंचकर फॉरेंसिक टीम को बुलाया तथा मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

# पुराने साथियों को हृष्ठ में फिर लाने की कवायद शुरू, जल्द आ सकती है बड़ी खबर

मोदी कैबिनेट में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट राजनैतिक हलकों में शुरू हो गई है. भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नेशनल डेमोक्रेटिक एयरलाइंस (हृष्ठ) के पुराने सहयोगी दल जैसे कि शिरोमणि अकाली दल, टीडीपी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख के साथ बातचीत कर रहे हैं. इन सभी दलों के साथ राजनैतिक साझेदारी तय होने के बाद ही मोदी कैबिनेट में फेरबदल होगा.खबरों के मुताबिक कल बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ मुलाकात की थी. जिन केंद्रीय मंत्रियों ने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की उनमें से प्रमुख रूप से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, श्रम और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पृथ्वी और विज्ञान मंत्री किरण रिजिजू, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल का नाम शामिल है. सूत्रों का कहना है कि इन मंत्रियों को भाजपा ने कई राज्यों की चुनावी जिम्मेदारी सौंपी है. साथ में यह भी माना जा रहा है कि कुछ राजनैतिक दल आनौचारिक रूप से एनडीए में शामिल हो सकते हैं. भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहती. इसीलिए कुछ दलों को एनडीए में शामिल कराने की जिम्मेदारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी सौंपी जा सकती है. राजनाथ सिंह के पास केंद्र में काम करने का कई वर्षों का अनुभव है, और उनके संबंध कई दलों से अच्छे हैं. इसको देखते हुए पीएम मोदी व गृह मंत्री उन्हें भी बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं. इसके अलावा भाजपा महाराष्ट्र की राजनीति पर भी नजर बनाए हुए है. एनसीपी में फूट होने के बाद अजित पवार गुट एनडीए में शामिल हो गया है. जिससे शिंदे गुट के कई विधायक नाराज चल रहे हैं. बीजेपी ने इन विधायकों को समझाने की जिम्मेदारी देवेन्द्र फडनवीस को सौंपी है. महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटे हैं. जिसको देखते हुए भाजपा वहां अपनी जमीन को और अधिक मजबूत करना चाहती है. ताकि अन्य राज्यों में अगर नुकसान होता है तो महाराष्ट्र से उसकी भरपाई की जा सके.

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद इटावा से उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित SI - ASI (गोपनीय, लिपिक एवं लेखा) अभ्यर्थियों को दिया गया नियुक्ति पत्र।



आज दिनाँक 06.07.2023 को माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने के कार्यक्रम लखनऊ में आयोजित किया गया है। इसी कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में वरिष्ठ पलिस अधीक्षक इटावा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद इटावा से उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित स्द्ध व स्द्ध (गोपनीय, लिपिक एवं लेखा) को नियुक्त पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी गई ।

# एलिजाबेथ द्वितीय की हत्या की मंशा रखने वाला भारतीय सिख 'स्टार वार्स' से प्रेरित था



लंदन । क्रिसमस 2021 पर ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की हत्या करने की मंशा रखने वाला ब्रिटिश सिख घुसपैठिया 'स्टार वार्स' सीरीज से प्रेरित था। लंदन में मामले की सुनवाई कर रही एक अदालत को इसकी जानकारी दी गई। जसवंत सिंह चैल (21) ने खुद को भारतीय सिख बताया था। चैल ने गिरफ्तारी के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर सामने आई अपनी एक वीडियो में कहा था कि वह 1919 में अमृतसर के जलियावालां बाग नरसंहार का बदला लेने के लिए एलिजाबेथ द्वितीय की हत्या करना चाहता था। उसके खिलाफ दर्ज मामले में लंदन की ओल्ड बेली अदालत में सुनवाई जारी है। महारानी का पिछले साल सितंबर में निधन हो गया था।

पच्चीस दिसंबर 2021 की सुबह जब चैल ने विंडसर महल में घुसपैठ की थी, तब महारानी अपने निजी अपार्टमेंट में थीं। दो अधिकारी महल के मैदान में घुसपैठिए को देखकर उसके पास पहुंचे। चैल ने काले कपड़े और हाथ से बना धातु का मुखौटा पहन रखा था। घुसपैठिये ने अधिकारियों से कहा था कि वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को जान मारने के लिए यहां आया है। चैल के पास 'बोल्ट' से भरा हुआ एक 'क्रॉसबो' (स्वचालित धनुष) था। अधिकारियों ने चैल को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। अदालती रिपोर्ट के अनुसार न्यायमूर्ति निकोलस हिलियार्ड ने विशेषज्ञों से पूछा है कि क्या चैल अपराध के समय मानसिक विकार से पीड़ित था। अभियोजक एलिसन मोर्गन ने कहा, प्रतिवादी का मुख्य उद्देश्य ब्रिटेन में ब्रिटिश साम्राज्य की पहचान मिटाकर एक नया साम्राज्य बनाना था और इसका केंद्र बिंदु शाही परिवार की मुखिया को हटाना था। मोर्गन ने कहा, उसकी सोच आंशिक रूप से स्टार वार्स की काल्पनिक दुनिया और एक नई दुनिया को आकार देने में सिथ लॉर्ड्स की भूमिका से प्रेरित थी। वह अपने मिशन के पूरा होने की स्थिति में मिलने वाली शोहरत के प्रति भी आकर्षित था। चैल का जन्म दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के विंचेस्टर में भारतीय मूल के एक परिवार में हुआ था और वह अपने माता-पिता, जुड़वां बहन और बड़े भाई के साथ हैम्पशर के नॉर्थ बैडस्ले गांव में रहता था।

## थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा




ऊसराहार थाना पुलिस ने वांछित बबलू पुत्र जगत सिह नि0 वैदपुर थाना ऊसराहार जनपद इटावा उम्र करीब 35 वर्ष आरोपी को गिरफ्तार कर दीवानी सदर इटावा भेजा गया सम्बन्धित मु0अ0सं0 137/2023 धारा 279/307 भादवि0 थाना ऊसराहार जनपद इटावा को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय दीवानी सदर इटावा भेजा गया । थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया की एक एक्सीडेंट का मामला था आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है

## आकाशीय बिजली गिरने से खेत से चारा ला रहे किसान की दर्दनाक मौत

एटा । शुक्रवार को जैथरा थाना क्षेत्र में घनघोर बारिश के दौरान खेत से चारा काट कर लौट रहे किसान की उस समय दर्दनाक मौत हो गई जब आकाशी बिजली तड तडा कर उसके ऊपर गिरी। पुलिस ने मृतक किसान के शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की किसान के घर उसकी मौत के बाद कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय किसान धर्मेंद्र निवासी खंगार पुर थाना जैथरा, दोपहर के समय खेत पर चारा काट रहा था। इसी दौरान तेज मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। महेंद्र चारे का गठन लेकर घर की ओर चल पड़ा इसी दौरान तड़तड़ा हट के साथ तेज बिजली किसान के ऊपर गिरी। इससे वह बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब बारिश बंद होने के बाद काफी देर तक किसान घर नहीं पहुंचा तो परिवारी जन खेत पर गए जहां उसकी जली हुई लाश पड़ी हुई थी। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर आई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 32 वर्षीय किसान धर्मेंद्र की मौत के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## दिव्यांगजनों को प्रति एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए शिविर का आयोजन

**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव**

रायबरेली, 6 जुलाई। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया है कि मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा संचालित योजनाएं यथा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण / आर्टिफीसियल लिम्ब (कृत्रिम हाथ, पैर) / दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार / दुकान निर्माण संचालन योजना / दिव्यांग पेंशन / यू0डी0आई0डी0 कार्ड योजनान्तर्गत चिन्हांकन / पंजीकरण आदि योजनाओं से पात्र दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने हेतु जनपद में समस्त तहसीलों एवं विकासखण्डों में दिनांक 03 जुलाई 2023 से 12 जुलाई 2023 तक विशेष अभियान चलाकर चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत विकासखण्ड महराजगंज, बछरावा, लालगंज, खीरों, सलोन, ऊंचाहार, जगतपुर चिन्हांकन / परीक्षण शिविर में दिव्यांग पेंशन योजना के 198 सहायक उपकरण योजनान्तर्गत 208, दुकान निर्माण एवं संचालन योजनान्तर्गत 5 शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के 4 एवं 0 से 5 वर्ष के कॉक्लियर सर्जरी योजना एवं आर्टीफिशियल लिम्ब के 29 एवं मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के 35 आवेदन प्राप्त हुये हैं एवं दिनांक 7 एवं 10 जुलाई को शिवगढ़, छतोह, राही, सरेनी, व 11 जुलाई व 12 जुलाई को डलमऊ एवं दीनशाहगौरा, रोहनिया विकासखण्डों में चिन्हांकन शिविर आयोजित किये जाएगें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग दिव्यांगजनों के हर सम्भव लाभ हेतु प्रयासरत है एवं मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण), जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी) द्वारा अपने विभाग के संबंधित कर्मचारी एवं चिकित्सकों को आयोजित शिविरों में समयाबद्ध तरीके से उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार, यू0डी0आई0डी0 कार्ड को पूर्ण करके लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया।

## प्राथमिक विद्यालय की शिकायत का बीडियो ने कर दिया फर्जी निस्तारण



एटा/जलेसर- शासन तक पहुंचने वाली शिकायतों को अधिकारी किस तरह नजरअंदाज करते हैं और अपनी मनमानी करते हैं इसका एक नतीजा जलेसर के खंड विकास अधिकारी ने पेश किया है। विद्यालय में अकसर होने जल वाले जलभराव और कंपाउंड में इंटरलॉक ईट ना बिछाए जाने के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत की थी। जिस के निस्तारण की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी जलेसर को सौंपी गई लेकिन उन्होंने लीपापोती करते हुए निस्तारण की गलत रिपोर्ट रतन को प्रेषित कर दी। प्राथमिक विद्यालय धर्मपुर पंचायत शकरौली विकासखंड जलेसर की समस्या के समाधान हेतु मुख्यमंत्री पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि बारिश होने पर विद्यालय के कैंपस में पानी भर जाता है। ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी ने स्कूल के प्रांगण में इंटरलॉकिंग नहीं कराई है। बच्चों को बारिश में जलभराव के बीच से गुजर कर स्कूल पहुंचना पड़ता है। शिकायत के निस्तारण का दायित्व जलेसर के खंड विकास अधिकारी को दिया गया था। उन्होंने अपने प्रधान और सेक्रेटरी को बचाने की गरज से यह रिपोर्ट लगा दी कि बरसात के बाद पानी निकालने के लिए बाउंड्री की एक नीचे की ईट तोड़ दी गई है ।जिस से भरा हुआ पानी निकल जाता है। लेकिन खंड विकास अधिकारी के पास इस बात का कोई जवाब नहीं था कि ग्राम प्रधान ने स्कूल प्रांगण की इंटरलॉकिंग अभी तक क्यों नहीं कराई। जब कि विद्यालयों के रखरखाव मरम्मत व जीर्णोद्धार के लिए बजट मिलता रहता है। अधिकांश जनपद के स्कूलों में कंपाउंड की इंटरलॉकिंग हो चुकी है। गांव के ग्रामीण वीडियो द्वारा किए गए शिकायत के निस्तारण से असंतुष्ट हैं और इसे भ्रष्टाचार में मिलीभगत का उदाहरण मान रहे हैं।

## जियो के कीपैड मोबाइल में मिलेगी इन्टरनेट सुविधा

**माधव संदेश/आकाश**




फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। आज गुरुवार को अग्रणी मोबाइल कम्पनी जियो ने पूरे देश में एक साथ अपने नये मोबाइल फोन जियो भारत डिजिटल लाइफ को लांच किया । नगर में कम्पनी के श्याम जी दुबे ने स्थानीय महावीर मंदिर के पुजारी और उनकी धर्मपत्नी राधा को इस मौके पर फ्री मोबाइल देते हुये बताया कि इस 4 त्र मोबाइल की बाजार में कीमत मात्र 999 रुपये रखी गयी है । इस कीपेड मोबाइल की खासियत यह है कि इसमें इण्टरनेट की सुविधा उपलब्ध है । ग्रामीण इलाकों के उपभोक्ताओं के लिए यह काफी अच्छा और टिकाऊ है द्व इस मौके पर श्याम जी दुबे डिस्ट्रीब्यूटर, विनय जेपीएल, राम जी दुबे, जीत कुमारी दुबे, डीएन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# सफाईकर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पेड़ पर लटका मिला शव

### परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

### अछल्दा थाना क्षेत्र के नहर कोठी के पास का मामला





**माधव संदेश/आकाश** अछल्दा,औरैया (ब्यूरो)। रात्रि में अपनी ड्यूटी से वापिस घर आ रहे सफाई कर्मी की पेड़ पर लटकी मिली लाश सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर पहुंचाया पोष्टमार्टम हाउस परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस कप्तान ने की जांच द्य थाना क्षेत्र के पुराना अछल्दा निवासी महेन्द बाल्मीकि पुत्र शिवपाल बाल्मीकि उम्र करीब पैंतीस वर्ष का आज सुबह करीब सवा पांच बजे ग्रामीणों ने हरचंदपुर रजवाह की सर्विस रोड किनारे बनी नहर कोठी की पीछे की टूटी पड़ी बाउंड्रीवाल के किनारे खड़े शीशम के पेड़ पर शव लटकता हुआ दिखाई दिया। जबकि उसकी मोटरसाईकिल वहीं बाउंड्री वाल के बाहर पड़ी हुयी थी सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नीचे उतरवाया कर शव को पोष्टमार्टम के लिये भेज दिया है वहीं मृतक सफाई कर्मी के परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है विदित हो कि मृतक नगर पंचायत सविंदा के तौर पर सफाई कर्मी के रूप में कार्य करता था जबसे नगर पंचायत द्वारा पसैया रोड गौशाला का निर्माण करवाया गया है तब से वह गौशाला में सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक ड्यूटी करके अपने घर वापिस आता था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने घटना स्थल सहित गौशाला में कर्मियों से पूंछताछ की वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया घटना की निष्पक्ष जांच के लिये चार टीमों का गठन किया गया शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा मोके पर क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सहित अन्य पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही फॉरेंसिक टीम द्वारा भी घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्रित किये गये

## सहकार से समृद्धि, सहकारिता मंत्रालय की प्रमुख पहल



माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव रायबरेली, 6 जुलाई । सहकारिता मंत्रालय द्वारा प्राथमिक सहकारी समितियों को सुदृढ़ीकरण बनाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। जिनमें पैक्स को बहुउद्देशीय बनाने के लिए आदर्श उपविधियों के माध्यम से सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, राष्ट्रीय संघ एवं अन्य हित धारकों से परामर्श के पश्चात तैयार की गई एवं 5 जनवरी 2023 को परिचालित की गई। इससे पैक्स/लैम्प्स की आय के स्रोत बढ़ेंगे और लगभग 25 से अधिक नए क्षेत्र जैसे डेयरी, मत्स्य ,भंडारण इत्यादि में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे । पैक्स के सशक्तिकरण के लिए उसका कंप्यूटरीकरण किया जाएगा। इस पहल से पैक्स की कार्यकुशलता एवं पारदर्शिता बढ़ेगी। प्रत्येक पंचायत /गांव में बहुउद्देशीय डेरीय, मत्स्य सहकारी समिति की स्थापना की जाएगी। साथ ही खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी केंद्रीकृत भंडारण योजना का विकास किया जाएगा। ई-सेवाओं की बेहतर पहुंच के लिए कामन सेवा केंद्र के रूप में पैक्स भी कॉमन सेवा के रूप में सेवा दे सकेगी। पैक्स के द्वारा नए किसान उत्पादन संगठन का गठन किया जाएगा। एलपीजी वितरण के लिए पैक्स को पात्र बनाने के लिए नियम में बदलाव किए जा रहे हैं। पेट्रोल लीडरशिप के लिए पैक्स को प्राथमिकता दी जाएगी। पैक्स के माध्यम से जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही उर्वरक वितरण केंद्र के रूप में भी टैक्स को विकसित किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने गुरुवार को गोकना घाट का किया निरीक्षण



**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली ऊंचाहार। जिलाधिकारी ने गुरुवार को गोकना घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने सावन मास में कांवड़ियों के गंगाजल लेने एवं श्रद्धालुओं के स्नान को लेकर घाटों की व्यवस्था परखी। इस दौरान उन्होंने घाटों पर लोगों की सुरक्षा के लिए मत्स्य पालन विभाग द्वारा नाविकों को उपलब्ध कराए गए सुरक्षा किट की बाबत जानकारी हासिल की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक समेत एसडीएम व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

गुरुवार को अचानक जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने गोकना घाट निरीक्षण किया। उन्होंने सावन मास व अधिमास में कांवरियों के जल लेने स्नानार्थियों के सुरक्षा व्यवस्था की बाबत पण्डों-पुजारियों व नाविकों से जानकारी हासिल की। डीएम ने नाविकों व गोताखोरों को मिले सुरक्षा उपकरणों के विषय उन लोगों से बात की। मत्स्य पालन विभाग की ओर से घाट पर लोगों की सुरक्षा के लिए वाटर ट्यूब, वॉटर प्रूफ जैकेट, मेडिकल किट, टार्च, बांस व रस्सी के किट दिए गए हैं। किट पाने वालों में रामकुमार निषाद, रामबाबू निषाद, अमित निषाद, आदित्य, रवींद्र निषाद से जानकारी ली। उन्होंने तीर्थ पुरोहितों से भी घाट की व्यवस्थाओं के संबंध में भी बात की। उन्होंने मातहतों को जलधारा में बैरिकेडिंग, घाट पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय महिलाओं के वस्त्र बदलने का स्थान समेत कांवरियों व स्नानार्थियों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी ने भी मातहतों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। मां गंगा गोकर्ण जनकल्याण सेवा समिति के सचिव व पुरोहित पं. जितेन्द्र द्विवेदी ने डीएम से घाट पर प्रकाश व्यवस्था तथा श्मशान घाट पर शेड की व्यवस्था, सड़क का चौड़ीकरण करवाने का अनुरोध किया। बताया कि बरसात के दौरान शव के अंतिम संस्कार में दिक्कतें आती हैं। गोकना घाट को पर्यटन स्थल सुंदरी करवाने के लिए समिति द्वारा किया गया। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, सीएचसी अधीक्षक, ग्राम प्रधान समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन सम्पन्न



**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, रायबरेली द्वारा आज एक होटल में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर रवि (अ0प्रा0), निदेशक, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0 रहे। समारोह का प्रारम्भ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, रायबरेली के शहीद स्मारक पर मुख्य अतिथि द्वारा पुष्पचक्र अर्पित कर किया गया।

ब्रिगेडियर रवि निदेशक, सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0 एवं कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली द्वारा जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव को व्यक्तिगत सम्पर्क कर समारोह के सम्बन्ध में अवगत कराया गया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

समारोह में जनपद के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, द्वितीय विश्व युद्ध पेंशनरों, नॉन पेन्शनरों ने प्रतिभाग किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी एवं अलंकृत सैनिकों, वीर नारियों, द्वितीय विश्वयुद्ध पेंशनरों को सम्मानित किया गया तथा आर्थिक अनुदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में यू0पी0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड, लखनऊ, आर्मी मेडिकल कोर सेन्टर लखनऊ, प्रबंधक लीड बैंक एवं जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ स्टाल लगाकर आवश्यक सूचनाओं, सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। एनसीसी कैडेटों, रेयान इंटरनेशनल स्कूल एवं न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा प्रसिद्ध कवियों के द्वारा काव्य पाठ प्रस्तुत किये गये। तत्पश्चात जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली ने समारोह में सम्मिलित होने हेतु सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आवारा पशुओं में नगर फफूँद मै पशुपालकों की भी गाये आवारा घूम रही है

### फसलों को बर्बाद कर रहे आवारा गोवंश सड़कों पर भ्रमण से हो रही दुर्घटनाएं

**माधव संदेश/आकाश**



फफूँद,औरैया (ब्यूरो) । भले ही सरकार द्वारा गोवंश को गौशालाओं में आश्रय देने के तमाम वायदे और दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी धरातल पर इन सरकारी दावों को संबंधित अधिकारियों की उदासीनता से पलीता लगता नजर आ रहा है। 90 प्रतिशत आवारा गोवंश किसानों की फसलें उजाड़ने के साथ सड़कों पर चहलकदमी कर यह आवारा गोवंश बड़े पैमाने पर मार्ग दुर्घटनाओं को भी अंजाम दे रहे हैं, जिससे गोवंश की धमाचौकड़ी से समूचे जिले में हाय तौबा मचा हुआ है। कहने को तो प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आवारा गोवंश को गौशालाओं में आश्रय देने के जिले के संबंधित आला अधिकारियों को निर्देश देने के साथ आवारा गोवंश के गौशालाओं में पहुंचाने के तमाम दावे भी किए जा रहे हैं लेकिन जिले में जमीनी धरातल पर देखने में आ रहा है कि 90 प्रतिशत आवारा गोवंश के झुंड के झुंड किसानों की लाखों रुपए की लागत और मेहनत से उगाई गई फसलों को तहस-नहस कर पर बर्बाद कर रहे हैं जिससे किसानों की बदहाली पिछले कई वर्षों से निरंतर बढ़ती ही जा रही है। यही नहीं सबसे गौरतलब बात तो यह है कि आवारा गोवंशों के झुंड के झुंड सड़कों पर टहलने भागने से आए दिन बड़ी मार्ग दुर्घटनाएं हो भी रही है जिससे जिले में आवारा गोवंश की समस्या से हाय तौबा मचा हुआ है। जिले में गौशालाओं की हालत यह है कि 95 प्रतिशत अस्थाई गौशालाओं में उंगलियों पर गिनने लायक इक्का-दुक्का गोवंश ही आश्रय पाते नजर आ रहे हैं और पिछले कई सालों में आश्रय पा रहे यह गोवंश भी संबंधित प्रशासन की बदइंतजामी के चलते भूख प्यास बीमारी से आए दिन दम तोड़ते ही नजर आ रहे हैं इसके बावजूद संबंधित प्रशासन इस पर पर्दा डालकर गौशालाओं में बेहतर इंतजाम के दावे कर अपनी पीठ भी थपथपाने से नहीं चूक रहा है।आवारा गोवंश के कहर से पिछले लंबे अर्से से फसलों की बर्बादी से आर्थिक तंगी और कर्जदारी से जूझ रहे क्षेत्रीय जागरूक लोगों व किसान नेताओं ने आवारा गोवंश की समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग करते हुए जिला अधिकारी औरैया से नगर व क्षेत्र वासियों ने मांग की है जो आवारा पशु घूम रहे हैं जिससे फसलों के नुकसान के साथ-साथ राहगीरों को भी चोटिल कर रहे हैं गायों को संबंधित गौशालाओं में बंद करवाया जाए जन चर्चा है कि नगर फफूँद में पशुपालकों के भी आवारा गाय घूम रही हैं।जिलाधिकारी से मांग है पशुपालकों की आवारा घूम रही गायों को गौशालाओं में बंद करवाया जाए और जब पशुपालक गायों को लेने के लिए गौशाला पहुंचे जुर्माना वसूल किया जाए ताकि भविष्य में पशुपालक आवारा गाय ना छोड़ सकें क्योंकि 60त्न आवारा पशु गौशालाओं में बंद है केवल पशुपालकों के ही गाय नगर व क्षेत्र में घूम कर फसलों का नुकसान व लोगों को चोटिल कर रही है।

# एसपी ने एएसपी व सीओ आवास निर्माण के लिए किया भूमि पूजन



माधव संदेश/आकाश दिबियापुर,औरैया (ब्यूरो)। गुरुवार को जनपद औरैया के नए अत्याधुनिक अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ आवास निर्माण का भूमि पूजन पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने किया। नगर के औरैया रोड़ पर स्थित जनता महाविघालय चंद्र नगर सेहुद के पीछे प्लाट में विधि-विधान, हवन पूजन तथा एसपी ने नींव की प्रथम ईंट स्थापित करके विधिवत भूमि पूजन सम्पन्न किया। पुलिस अधीक्षक ने निर्माणाधीन पुलिस अधीक्षक आवास का शिलान्यास किया। मुख्य एसपी चारु निगम ने बताया कि जनपद औरैया में अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ आवास अत्याधुनिक व बेहतर सुविधाओं से युक्त निर्मित होगा।वही साइबर थाना भी बनेगा स्वीकृति मिल गई है पर बजट सहित अन्य प्रक्रियाये शेष है ।प्रकिया पूरी होते ही साइबर थाना का भी निर्माण जल्द बनेगा। तत्पश्चात एसपी ने ग्राउण्ड में पौधारोपण कर उपस्थित लोगों को वातावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया । कार्यक्रम मे क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार , दिबियापुर थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा,एनटीपीसी चौकी इंचार्ज पूजा सोलंकी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों ने मौके पर उपस्थित रहकर भूमि पूजन में हिस्सा लिया।

# सामुदायिक केंद्र में सास बहू सम्मेलन का हुआ आयोजन



माधव संदेश/आकाश फफूंद,औरैया (ब्यूरो)। गुरुवार को कोठीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवारों को प्रोत्साहित किया गया बच्चे दो ही अच्छे इस विषय पर फोकस किया गया उसमें लोगों के साथ जो सास आई उनको भी प्रोत्साहित किया गया नव दंपत्ति को शगुन किट जिसमें परिवार नियोजन के साधन और सिंगार का सामान वितरित किया गया पूरा फोकस परिवार नियोजन पर रहा इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोठीपुर के प्राथमिक विद्यालय सहायक अध्यापक किरण मिश्रा ने फीता काटकर उद्घाटन किया इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता पाल एवं एएनएम अंजू दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि परिवार नियोजन के साधन अपनाकर हमको सबको सीमित परिवार बनाना है और एक खुशहाल जीवन जीना इस अवसर पर आशा किरण व कई ग्रामों की आशा व सास बहू और बेटा उपस्थित रहे।

## डंपर की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत



संवाद न्यूज माधव संदेश फिरोजाबाद। थाना मटसेना क्षेत्र में डम्पर की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। वह फैक्ट्री से काम कर घर जा रहा था। पुलिस ने देर रात मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मटामई निवासी सरताज ( 48 ) फैक्ट्री में काम करता था। वह फैक्ट्री से काम कर घर जा रहा था। खरचुली के समीप तेज गति से आ रहे डम्पर ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। पता चलते ही उसके परिवारी जन भी वहां पहुंच गए। कुछ लोगों ने हंगामा का प्रयास भी किया। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से घटना के बारे में पूछताछ की।देर रात शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी मोहर सिंह ने बताया युवक काम कर साइकिल से घर जा रहा था। सामने से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। डंपर में बालू भरी हुई थी।

## नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया निरीक्षण

संवाद न्यूज माधव संदेश ब्यूरो रिपोर्ट रीना खान फिरोजाबाद। जनपद में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनपुर बेजुआ अरांव का निरीक्षण किया गया जहां समस्त चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सफाई कर्मचारी को आदेश दिया गया एवं चिकित्सालय में बरसात के कारण ऊग रही घास को नियमित रूप से काटने के लिए भी निर्देशित किया गया। वही क्षेत्र में एएनएम द्वारा शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के लिए विशेष रुप से चिकित्सा अधीक्षक को आदेशित किया गया। समस्त प्रकार के लाभार्थियों को समय से भुगतान करने के लिए चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया साथ ही संस्थागत प्रसव बढ़ाने के लिए एवं शत प्रतिशत गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए तथा महिला एवं पुरुष नसबंदी को शत-प्रतिशत कराने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त चिकित्सा अधिकारियों तथा कर्मचारियों को समस्त व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया गया एवं आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया और शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी निर्देश दिए गए।

## बाल महोत्सव में बढ़ाया कलाकारों का हौसला

संवाद न्यूज माधव संदेश। फिरोजाबाद बाल फिल्म अमृत महोत्सव का फिरोजाबाद में शुभारंभ हुआ। इसमें बाल कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों के साथ फिल्म निर्माताओं ने प्रतिभाग किया और अभिनेताओं ने शिरकत की। शुभारंभ पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा ने किया। बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री मांडवी राठौर एवं निर्माता निर्देशक गिरंद स्वामी एवं महोत्सव ब्रांड एंबेसडर मोनिका उपाध्याय ने बाल कलाकारों का हौसला बढ़ाया। निर्देशक राजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि यह अनूठा बाल फिल्म महोत्सव बाल कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों के साथ में फिल्म निर्माताओं के लिए वरदान साबित होगा। स्थानीय कलाकारों को फिल्म, एल्बम और विज्ञापनों में काम दिलाने का प्रयास है। बाल फिल्म महोत्सव के ब्रांड एंबेसडर मोनिका उपाध्याय को बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री मांडवी राठौर ने ताज पहनाया । शिकोहाबाद से नृत्य निर्देशिका आशा भट्ट, रीमा यादव तथा स्थानीय कलाकार शालिनी जोशी, प्रीति राजपूत, प्रमोद यादव, गौरव कुलश्रेष्ठ, रमेश चंद्र वर्मा, मो. आसिफ, जयंती प्रसाद ज़ मित्तल जेपी मसाले का सहयोग रहा। तान्या, वंशिका, परी जादौन अरसव जादौन, शिव शुक्ला, आयशा रुही, अंजली, अख्तर, देव स्वामी कृष्णा शुक्ला ने नृत्य की प्रस्तुति दी। संचालन असलम भोला, ठा. सोनम सिंह ने किया। अवॉर्डेड बाल फिल्में दर्पण, ग्रीन स्क्रीन, फोन एडिक्शन, यमराज, तथा लोकल फिल्में अनमोल बेटियां, जागो भारत, नन्हे परिंदे, मजबूरी का नाम छोटू उस्ताद फिल्में आकर्षण का केंद्र रहीं।महोत्सव बृज मंडल के जिलों से होते हुए फिल्म सिटी नोएडा पर पुरस्कार वितरण के साथ समापन होगा। इच्छुक कलाकार सिटी कार्यालय सरस्वती नगर में होगा।

## गिहार कॉलोनी में छापा, कच्ची शराब संग दो पकड़े

**संवाद न्यूज माधव संदेश फिरोजाबाद।** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर ईआईबी टीम प्रयागराज एवं प्रवर्तन टी आगरा ने जिले की आबकारी टीम के साथ में शिकोहाबाद की गिहार कॉलोनी में छापा मारा। यहां से कच्ची शराब सहित दो लोगों को पकड़ा। बाहर से आई हुई टीमों ने जिले के आबकारी अधिकारियों के साथ में गिहार कॉलोनी में छापा मारा। इस पर यहां अफरा- तफरी मच गई। छापामार कार्रवाई के दौरान यहां पर भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भाग खड़े हुए। आबकारी टीम ने घेराबंदी कर दो लोगों को दबोच लिया। पुलिस को मौके पर तलाशी के दौरान 45 लीटर अवैध कच्ची शराब मिली। आबकारी विभाग ने 300 किग्रा लहन को नष्ट कराया। मौके से पकड़े गए आरोपितों ने अपने नाम धर्मेंद्र एवं अरमान बताए । पुलिस ने इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इन्हें जेल भेजा है।

## गृह कलह से तंग आकर युवक कुएं में कूदा, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे विधायक सर्वेश यादव



संवाद न्यूज माधव संदेश ब्यूरो रिपोर्ट ।फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर क्षेत्र के गांव अबावकपुर ( बड़ा बाग ) में एक युवक ने पारिवारिक कलह से तंग आकर गांव के बाहर कुआं में कूदकर जान दे दी। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। हरकेश पुत्र बुद्धसेन निवासी बड़ा गांव खेतीबाडी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था वही ग्रामीणों ने बताया उसका आए दिन पत्नी से किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। ग्रामीणों की मानें तो तीन दिन से युवक पत्नी से झगड़ा कर रहा था। इसी बात को लेकर मंगलवार रात 11 बजे वह घर से निकल गया। जब सुबह तक घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की गई। कुछ ग्रामीणों की नजर कुआं में गई तो उसमें हरकेश दिखाई दिया। युवक को गहरे कुआं में देख परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। सूचना पर सीओ सिरसागंज प्रवीन कुमार तिवारी, एसडीएम विवेक कुमार, तहसीलदार पुष्पेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड को बुला कर युवक को निकालने का प्रयास किया लेकिन कुए में उतरने की हिम्मत नहीं कर सका कोई। शव को कुए से निकलवाने के लिए एसडीएम द्वारा एनडीआरएफ टीम को दिल्ली या बरेली से बुलाया है। एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी है वहीं धरना स्थल पर सिरसागंज विधायक सर्वेश यादव भी पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी की और परिवार को सांत्वना देते हुए आए नजर। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिरसागंज, एसडीएम, तहसीलदार और ग्रामीण रहे मौजूद।

# मंडी समिति में बाजरा बेचने आए किसानों का हंगामा



संवाद न्यूज माधव संदेश। फिरोजाबाद में सुबह मंडी समिति में बाजरा बेचने आए किसानों ने व्यापारियों द्वारा कम रेट पर बाजरा खरीदने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंचे मंडी इंस्पेक्टर ने किसानों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया और उसके बाद बाजरा खरीदा गया । बाजरा बेचने के लिए सुबह से ही किसान ट्रैक्टर लेकर मंडी समिति पहुंच गए थे। बाजरा खरीदने के लिए बोली लगना शुरू हुआ, जिसमें टूंडला निवासी किसान राकेश त्यागी ने अपना बाजरा 1640 रुपये प्रति कुंतल, घिरौली निवासी किसान श्यामू चौहान ने 1850 रुपये, गिर्राज चौहान ने 1810 रुपये में बाजरा बेचा। गांव अतिबल निवासी किसान ग्रीश कुमार के बाजरा की बोली व्यापारी ने 1500 रुपये लगाई, उसके बाद हंगामा हो गया। किसानों ने कम रेट पर बाजरा खरीदने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। उसके बाद बोली लगाना बंद हो गया। मौके पर मंडी इंस्पेक्टर कमलेश कुमार पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर रहे किसानों को बताया कि सूखे और गीले बाजरे को अलग-अलग रेट पर खरीदा जा रहा है, जिसका जैसा बाजरा होता है उसे वैसा ही पैसा मिलता है। इंस्पेक्टर के समझाने के बाद किसान शांत हो गए और बोली प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि किसानों को समझाकर बोली प्रक्रिया को शुरू कराया गया। बाजरा किसानों को बाजरा के हिसाब से भुगतान कराया जा रहा है जिसका बाजरा गीला होता है उसे कम पैसे मिलते हैं और जिसका सुखा होता है उसे पूरे पैसे व्यापारी द्वारा दिए जाते हैं।

# फिरोजाबाद में जिला विविध सेवा प्राधिकरण ने छात्राओं को किया जागरूक



संवाद न्यूज माधव संदेश ब्यूरो रिपोर्ट रीना खान फिरोजाबाद में विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष हरवीर सिंह के निर्देशन में स्कूल ऑफ नर्सिंग में सर्वाइकल कैंसर व पीसीपीएनडीटी अधिनियम विषय के बातचीत की गई। इसमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव प्राधिकरण यजुवेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि बालिका शिशु हत्या को स्वतंत्रता पूर्व से भारतीय दण्ड संहिता में बैन किया है। डॉ. जीसी पालीवाल ने कहा कि कैंसर में शरीर की कोशिकाएं असामान्य और अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं। सर्वाइकल कैंसर के कारण बताते हुए कहा कि इस कैंसर का उपचार संभव है। तहसीलदार सदर संतराम ने महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बताया। पैनल अधिवक्ता लियाकत अली ने विधिक सेवाओं के संबंध में समझाया। में विविध सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष यजुवेंद्र विक्रम ने बताया कि आज छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया है। समाज में फैलते हुए कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कैंसर के क्या प्रभाव होते हैं, कितने चांस बचने के होते हैं, उसके बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि 30 साल से अधिक उम्र की महिलाएं 5 साल में एक बार अपनी स्क्रीनिंग जरूर कराएं। जिससे सर्वाइकल कैंसर की शुरुआत होने से रुक जाएगी। विविध सेवा प्राधिकरण द्वारा नर्सिंग कॉलेज में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। साथ ही अपील की गई कि अपने क्षेत्र और समाज में लोगों को जागरूक करें, जिससे यह बीमारी ज्यादा न फैले।

## वृक्ष धरा के आभूषण-पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा



संवाद न्यूज माधव संदेश ब्यूरो रिपोर्ट रीना खान फिरोजाबाद। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं योग वैलनेस सेंटर नगला चूरा में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह के विदाई समारोह के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिकोहबाद के पूर्व विधायक ओम प्रकाश वर्मा रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा ने मानव जीवन में पेड़ों की उपयोगिता के सम्बन्ध विचार व्यक्त किए और पेड़ लगाने और उनके संरक्षण पर बल दिया। मुख्य वक्ता एवं प्रधानाचार्य भगवान दास शंखवार ने कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं और पर्यावरण की रक्षा की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी हैं। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए एवं वातावरण में प्राणवायु/ऑक्सीजन की मात्रा को बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह की विदाई के साथ ही उनका प्रभार ग्रहण करने वाले डॉक्टर सुग्रीव अशोक का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से योगाचार्य डॉक्टर पीएस राना,इंजी0 गिरेंद्र सिंह,महेश माथुर,साहब सिंह वर्मा,गया प्रसाद एवं सुरेश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा ब्लाक प्रमुख ने बीडीओ को कमरे में बंद कर पिटवाया,पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज



संध्या लोधी,भाजपा ब्लॉक प्रमुख

संवाद न्यूज माधव संदेश ब्यूरो रिपोर्ट रीना खान फिरोजाबाद। भाजपा की जसराना ब्लाक प्रमुख ने खंड विकास अधिकारी को कमरे में बंद कर अपने दो गनर, एक बाडीगार्ड और चालक से पिटवाया। इस दौरान कमरे की लाइट भी बंद करा दी थी। किसी तरह बीडीओ कमरे से जान बचाकर भागा। मामले में थाना जसराना में ब्लाक प्रमुख और अन्य आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 332, 353, 342, 427, 504 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खंड विकास अधिकारी जसराना रजत कुशवाहा ने जसराना ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। कहा है कि अतर सिंह स्वीपर और चौकीदार के रूप में खंड विकास कार्यालय पर तैनात है। चौकीदार ने फोन करके बताया कि चार जुलाई की देर शाम करीब साढ़े सात बजे ब्लाक प्रमुख जसराना संध्या लोधी ब्लाक पर आईं। उन्होंने कार्यालय के सभी कमरों के साथ अभिलेखागार भी देखा। ब्लाक प्रमुख काफी नाराज थीं। चौकीदार को ब्लाक प्रमुख ने अपशब्द कहे थे। चौकीदार से ब्लाक प्रमुख ने कहा कि कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक खुलेगा। शाम पांच बजे के बाद कोई भी चाहे बीडीओ हो, एपीओ हो या कोई भी हो कार्यालय में नहीं घुसेगा। इसके बाद ब्लाक प्रमुख चैनल का गेट बंद कराकर चाबी को अपने साथ लेकर चली गईं। पांच जुलाई को सुबह 10 बजे कार्यालय आए स्टाफ ने कार्यालय नहीं खुलने पर गुस्सा जताया। बाद में अपराह्न करीब 11 बजे ताला तुड़वाकर स्टाफ को कार्यालय के अंदर भेजा। ब्लाक प्रमुख से चाबी मंगाने के लिए बार बार फोन किया था लेकिन फोन नहीं उठाने पर ताला तोड़ा गया था। बीडीओ का आरोप है कि बुधवार की दोपहर करीब 12.15 बजे ब्लाक प्रमुख आईं और दो गनरों, एक बॉडी गार्ड, चालक के साथ आते ही उसके कक्ष का दरवाजा बंद कर लिया। कमरे बिजली भी बंद कर उसके साथ जमकर मारपीट शुरू की। मारपीट में उसका चश्मा भी टूट गया। शर्ट के बटन तोड़ दिए। आरोपियों से बमुश्किल बचकर बीडीओ कमरे से बाहर निकल सके।

बीडीओ की तहरीर पर थाना जसराना में ब्लाक प्रमुख भाजपा संध्या लोधी, दो गनरों और एक बाडीगार्ड, चालक आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बीडीओ का मेडिकल कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सर्वाइकल कैंसर के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

### -फ़िरोजाबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग में साक्षरता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



फ़िरोजाबाद। रसीदपुर कनेटा स्थित फ़िरोजाबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग में साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर व पीसीपीएनडीटी अधिनियम विषय की जानकारी दी गई। कार्यक्रम शुभारम्भ अपर जिला जज यजुवेंद्र विक्रम सिंह एवं कालेज चेयरमैन डॉ सुरेश चंद्र दक्ष व डायरेक्टर डॉ यशवर्धन दक्ष द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में डॉ. डीसी पालीवाल ने छात्राओं ने कहा कि कैंसर में शरीर की कोशिकाएं असामान्य और अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के कारण बताते हुए कहा कि इस कैंसर का उपचार संभव है। तहसीलदार सदर संतराम ने महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बताया। पैनल अधिवक्ता लियाकत अली ने विधिक सेवाओं के संबंध में समझाया। विविध सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष यजुवेंद्र विक्रम ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। आईएएस की परीक्षा में चार की चार गर्ल्स टॉपर आई है, लड़कियां हर क्षेत्र में नाम कमा रही है। अंत में कॉलेज के चेयरमैन डॉ सुरेश चंद्र दक्ष ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व डॉ यशवर्धन दक्ष ने सभी का मंचासीन अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पीत पट्टिका पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन असलम भोला ने किया। इस दौरान समाजसेवी महिला नीता पांडे, सह प्राचार्य रामनारायण त्यागी, डॉ अरुण यादव, डॉ विशाल आर्य, शिवकुमार, शोभा यादव, रचना शर्मा, आनंद कुमार, अनूप कुमार, सुहानी जैन, राजा, श्रुति जैन आदि मौजूद रहे।

# फिरोजाबाद में एएसपी ने 7 पुलिस कर्मियों को किया निलंबित



संवाद न्यूज माधव संदेश ब्यूरो रिपोर्ट रीना खान फिरोजाबाद में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस सजग है। लगातार अधिकारियों द्वारा कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया जा रहा है। अधिकारी भागदौड़ करके व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटे हैं तो दूसरी ओर इस यात्रा को सुगम बनाने के लिए जगह-जगह पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। लम्बे समय से इस कांवड़ यात्रा की ड्यूटी से गैर हाजिर चल रहे सात पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने निलंबित कर दिया है। कांवड़ यात्रा को लेकर एसएसपी आशीष तिवारी लगातार टूंडला से एटा मार्ग पर और शिकोहाबाद से जसराना-एटा मार्ग पर एवं शिकोहाबाद से बटेश्वर आगरा मार्ग पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाकर व्यवस्थाएं बनाने में जुटे हैं। किसी कांवड़ अगला यात्री को परेशानी नहीं आए इसको लेकर रोजाना दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। आगे भी लापरवाही पर होगी कार्रवाई एसपी सिटी सर्वेश मिश्र टूंडला मार्ग को तो एसपी देहात कुमार रणविजय सिंह एटा-शिकोहाबाद- बटेश्वर मार्ग की व्यवस्थाएं पूरी करने में जुटे हैं। अधिकारियों ने पाया कि कांवड़ यात्रा और त्योहारों को लेकर जो ड्यूटियां लगाई गई थीं उसमें से लम्बे समय से एक निरीक्षक, दो मुख्य आरक्षी और चार आरक्षी लगातार अनुपस्थित चल रहे थे। जांच में लापरवाही सामने आते ही एसएसपी ने इन सातों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। एसएसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। उन्होंने साफ कहा है कि अगर लापरवाही सामने आएगी तो आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस में नियुक्ति पत्र पाकर खिले युवाओं के चेहरे

### -एसएसपी ने आठ युवक-युवतियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

**फ़िरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस विभाग में निकाली गई सीधी भर्ती में सेलेक्ट हुए अभ्यर्थियों को एसएसपी द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिले भर में आठ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।**

**युवक और युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए एसएसपी आशीष तिवारी ने कहा कि मन में आगे बढ़ने की चाहत और लगन हो तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता। उन्होंने नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि जिन्हें पुलिस भर्ती के नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं। वह पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी को पूरा करें। एसएसपी ने लिपिक संवर्ग, उप निरीक्षक गोपनीय, सहायक उप निरीक्षक लिपिक, सहायक उप निरीक्षक लेखा सीधी भर्ती के पद पर चयनित अभ्यर्थी रोशनी यादव पुत्री विनोद बाबू यादव निवासी शिकोहाबाद, संदीप सिंह पुत्र गिरीश पाल सिंह निवासी भितारी फ़िरोजाबाद, नेहा यादव पुत्री राव विपुल निवासी नगला नागऊ हिरनगांव टूंडला, करिश्मा पुत्री मुन्नालाल निवासी नगला भाऊ फ़िरोजाबाद, प्रियंका पुत्री सुभाषचन्द्र यादव निवासी शिकोहाबाद, बबिता यादव पुत्री सर्वेश चन्द्र निवासी शिकोहाबाद, धीरज कुमार पुत्र कुंवर पाल सिंह निवासी एका फ़िरोजाबाद, सत्यशील कश्यप पुत्र राजपाल निवासी लालऊ फ़िरोजाबाद को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान एसपी सिटी व ग्रामीण मौजूद रहे।**



## अभ्यास मैच में रन बनाने में विफल रहे विराट

**जमैका।** वेस्टइंडीज दौरे पर गयी भारतीय टीम ने 12 जुलाई से होने वाले पहले टेस्ट के लिए अभ्यास शुरु कर दिया है। इसी को लेकर भारतीय टीम ने आपस में ही एक अभ्यास मैच खेला जिससे अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली असफल रहे हैं। विराट फिर पहले वाली गलती करते दिखे। भारतीय खिलाड़ी दो टीमों में बंटकर ये अभ्यास मैच खेल रहे हैं, जिसमें वेस्टइंडीज के कुछ घरेलू क्रिकेटर भी शामिल हैं। इस अभ्यास मैच में विराट रन बनाने में नाकाम रहे। उन्हें जयदेव उनादकट ने आउट किया। कोहली पुरानी गलती दोहराते हुए दिखे। उनादकट ने उन्हें ऑफ स्टंप की ओर गेंद थोड़ी दूर रखी तो कोहली शॉट लगाने के चक्कर में स्लिप पर कैच आउट हो गए। विराट इस मैच में केवल 3 रन ही बना पाये।

## बेयरस्टो को आउट करने के फैसले का कमिंस ने बचाव किया

**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि जॉनी बेयरस्टो को आउट कर उन्होंने किसी किसी भी प्रकार की गलती नहीं की। बेयरस्टो को विवादस्पद रुप से आउट किये जाने के कारण इंग्लैंड टीम पर खेल भावना के विपरीत काम करने के आरोप लगाये गये हैं। इसी को लेकर कमिंस ने कहा कि सब कुछ नियमों के अनुसार की किया गया। लॉर्ड्स टेस्ट के पांचवे दिन बेयरस्टो को विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने तब स्टम्प आउट कर दिया था जब वह साभी बल्लेबाज से बात करने क्रीज से बाहर आये थे।

## दलीप ट्रॉफी - उत्तर क्षेत्र 198 रनों पर सिमटी , दक्षिण क्षेत्र 63/4

**बेंगलुरु।** उत्तर क्षेत्र को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 198 रनों पर आउट करने के बाद दक्षिण क्षेत्र की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 63 रनों पर ही अपने चार विकेट खो दिये। दक्षिण क्षेत्र की ओर से स्टंप के समय मयंक अग्रवाल 37 रन बनाकर खेल रहे थे। इस मैच में बारिश के कारण खेल में बाधा भी आई। उत्तर क्षेत्र के युवा ऑलराउंडर हर्षित राणा रहे, राणा ने नौंवे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंद में 31 रन बनाकर उत्तर क्षेत्र को 200 रन के करीब पहुंचाया।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की टी-20 टीम का ऐलान

## पंड्या कप्तान, तिलक वर्मा को मौका; रिंकू सिंह को जगह नहीं



**स्पोर्ट्स डेस्क।** वेस्टइंडीज दौरे पर 3 अगस्त से होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौंपी गई। सूर्यकुमार यादव को उप कप्तान बनाया गया है। सीनियर प्लेयर्स में विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा को आराम दिया गया है। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। मुंबई इंडियंस से IPL खेलने वाले 20 साल के लेफ्टी बैटर तिलक वर्मा को पहली बार भारतीय टीम में मौका मिला। दूसरी ओर IPL 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के टॉप स्कोरर रहे रिंकू सिंह को टीम में जगह नहीं मिली।

### संजू सैमसन की वापसी

केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने वनडे के बाद टी-20 में भी वापसी कर ली है। संजू ने भारत के लिए आखिरी मुकाबला इसी साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह चोटिल हो गए और अब 7 महीने बाद फिर टीम में वापसी की।

### वर्मा, जायसवाल और मुकेश कुमार के पास डेब्यू का मौका

बैटर्स में तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और बॉलर्स में मुकेश कुमार को पहली बार टी-20 स्क्वॉड में शामिल किया गया। इन तीनों प्लेयर्स के पास इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका है। पिछले साल फरवरी में भी वेस्टइंडीज ने भारत का दौरा किया था। इस दौरान आवेश खान और रवि बिश्नोई ने अपना टी-20 डेब्यू किया था। दोनों को अब फिर से टीम में शामिल किया गया है।

### 3 अगस्त से टी-20 सीरीज खेलेंगे

टेस्ट और वनडे सीरीज के बाद 3 अगस्त से त्रिनिदाद में 5 मैचों की टी-20 सीरीज शुरू होगी। गुयाना में 6 और 8 अगस्त को दूसरा और तीसरा टी-20 मैच होगा। अमेरिका के लॉडरहिल में 12 और 13 अगस्त को चौथा और पांचवां टी-20 मैच खेला जाएगा। सीरीज के सभी मुकाबले शाम 8 बजे से शुरू होंगे।

# विंबलडन चैंपियनशिप में घुसे ऑयल प्रोटेस्टर- सेंटर कोर्ट पर कचरा फैलाया, लाइन भी मिटाई; सिक्योरिटी ने घसीटकर बाहर किया

**लंदन।** लंदन में विंबलडन चैम्पियनशिप के बीच ऑयल प्रोटेस्टर्स के कारण 2 बार खेल रोकना पड़ा। प्रदर्शनकारी सेंटर कोर्ट पर घुस आए और कचरा फैला दिया। एक अन्य प्रोटेस्टर ने कोर्ट पर खिंची लाइन मिटाने की कोशिश की। जिसके बाद सिक्योरिटी टीम ने एक बुजुर्ग प्रोटेस्टर को घसीटकर कोर्ट से बाहर निकाला। विंबलडन से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे ऐशेज क्रिकेट टेस्ट में भी प्रोटेस्टर्स घुस आए थे। तब इंग्लिश क्रिकेटर जॉनी बेयरस्टो और सिक्योरिटी ने प्रदर्शनकारियों को उठाकर मैदान से बाहर किया था।




### विंबलडन के दौरान 2 बार खेल रोकना पड़ा

जस्ट स्टॉप ऑयल प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को तीसरे दिन के खेल में दो बार बाधा डालने की कोशिश की। पहली घटना में दो प्रदर्शनकारी सेंटर कोर्ट आए और पेपर पजल के हजारों टुकड़े कोर्ट में फैला दिए। दूसरे प्रोटेस्टर ने कोर्ट में खिंची लाइन मिटाने की कोशिश की।

### बुजुर्ग प्रदर्शनकारी बोले- जस्ट स्टॉप ऑयल

बुजुर्ग प्रदर्शनकारी कोर्ट के पास ही जैकेट पहनकर बैठा था। मौका मिलते ही वह सेंटर कोर्ट पर आया और अपनी जैकेट निकाल दी। बुजुर्ग ने 'जस्ट स्टॉप ऑयल' लिखी टी-शर्ट अंदर पहन रखी थी। प्रदर्शनकारी कोर्ट पर पेपर का कचरा फैलाते हुए दौड़ने लगा, इतने में सिक्योरिटी ने उसे पकड़ लिया। सिक्योरिटी टीम प्रदर्शनकारी को घसीटकर मैदान से बाहर ले गई। मैदान को साफ किया गया। सफाई विमेंस सिंगल्स का मैच फिर शुरू हो सका।

# विलियमसन आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 बने- स्टीव स्मिथ नंबर-2 पर पहुंचे



**स्पोर्ट्स डेस्क।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को ताजा प्लेयर रैंकिंग जारी की। ताजा टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन नंबर-1 रैंक पर आ गए हैं। विलियमसन अगस्त 2021 के बाद पहली बार नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचे हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को 3 स्थान का फायदा हुआ है। बैटिंग रैंकिग के टॉप-4 पायदान पर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का दबदबा है। इनमें स्मिथ दूसरे, तीसरे पर ट्रेविस हेड और चौथे नंबर पर मार्नस लाबुशेन हैं। टॉप-10 बैटर्स रैंकिंग में केवल एक भारतीय खिलाड़ी ऋषभ पंत हैं। वह 10वें नंबर पर हैं।

### दूसरे ऐशेज टेस्ट में स्मिथ ने जड़ा शतक

ऐशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में स्टीव स्मिथ ने शतक जड़ा था। यह शतक पहली पारी में आया, तब उन्होंने 184 बॉल में 110 रन बनाए थे। वहीं, लाबुशेन ने लॉर्ड्स में 47 और 30 रन का योगदान दिया, जबकि हेड ने पहली पारी में 73 गेंदों पर 77 रन बनाए। ख्वाजा ने दूसरी पारी में एक अर्धशतक जमाया था।

# सिंधु और लक्ष्य कनाडा ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में- बी साई प्रणीत और गड्डे रुथविका शिवानी की चुनौती समाप्त

**कनाडा।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने कैलगरी में मौजूद मार्किन-मैकफेल सेंटर में चल रहे कनाडा ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। दूसरी ओर बी साई प्रणीत का सफर खत्म हो गया है। उन्हें ब्राजीली खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। बुधवार रात को विमेंस सिंगल्स के खेले गए मैच में चौथी सीड सिंधु ने कनाडा की तालिया एनजी को सीधे गेम में 21-16, 21-9 से हराकर अगले दौर में



पहुंच गई हैं। वर्ल्ड नंबर 15 की सिंधु ने पहला गेम 5 अंकों के अंतर से जीता। जबकि दूसरे गेम को उन्होंने आसानी से जीत लिया। सिंधु अपना अगला मैच गुरुवार को जापान की नात्सुकी नदैरा के खिलाफ खेलेंगी। मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर 19 लक्ष्य सेन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न को 21-18, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। लक्ष्य अब अपना अगला मैच ब्राजील के यगोर कोल्हो के खिलाफ खेलेंगे। इसके अलावा मेंस सिंगल्स के अन्य मुकाबले में बी साई प्रणीत को ब्राजील के यगोर कोल्हो से हार का सामना करना पड़ा। 32 मिनट तक चले इस मैच में ब्राजील के खिलाड़ी ने प्रणीत को 21-12, 21-17 से मात दी।

# सर सोबर्स से मिली टीम इंडिया- बारबाडोस में रोहित-विराट ने हाथ मिलाया; सोबर्स ने पहली बार एक ओवर में 6 सिक्स मारे थे



**बारबाडोस।** भारतीय टीम वेस्टइंडीज दौरे के लिए बारबाडोस पहुंच चुकी है। टीम इंडिया 2 टेस्ट मैचों के साथ अपना वेस्टइंडीज दौरा शुरू करेगी। टीम 12 जुलाई को पहला मैच खेलेगी। टेस्ट के बाद टीम 3 वनडे और 5 टी-20 मैच खेलेगी। भारतीय टीम ने मंगलवार से प्रैक्टिस भी शुरू कर दी। वहीं टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ियों ने वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज सर गारफील्ड सोबर्स से मुलाकात की। इसका वीडियो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। BCCI ने इसके कैप्शन में लिखा, 'बारबाडोस में महानतम के साथ।' सर गारफील्ड सोबर्स दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर में से एक रहे हैं। वे दुनिया के पहले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने एक ओवर में 6 सिक्स मारे थे। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नॉटिंघमशायर से खेलते हुए ऐसा किया था।

### विराट, अश्विन और द्रविड़ ने उनसे बातचीत की

वीडियो में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा सर गारफील्ड सोबर्स से हाथ मिलाते नजर आए। उनके बाद विराट कोहली ने भी गैरी सोबर्स से हाथ मिलाया। कोहली उनसे कुछ बातचीत भी करते नजर आए। इन दोनों के बाद टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ने शुभमन गिल को सोबर्स से मिलवाया। उनके बाद तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर उनसे मिलते हुए दिखे और आखीर में स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और राहुल द्रविड़ ने भी सोबर्स से बातचीत की।

### 1968 में लगाए थे 6 छक्के

सोबर्स ने 31 अगस्त 1968 को सेंट हेलेना क्रिकेट ग्राउंड में नॉटिंघमशायर से खेलते हुए ग्लैमॉर्गन के खिलाफ फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे।

# बैटर साई सुदर्शन को इंडिया-ए टीम में जगह- इमर्जिंग एशिया कप के लिए टीम जारी

**स्पोर्ट्स डेस्क।** इमर्जिंग एशिया कप के लिए इंडिया की ए टीम जारी कर दी गई है। टीम इंडिया के 15 मेंबर्स स्क्वॉड की कप्तानी यश धुल को मिली है। IPL में गुजरात टाइटंस से बेहतरीन परफॉर्म करने वाले साई सुदर्शन भी टीम का हिस्सा हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बैटर नेहल वाधेर स्टैंड बाय प्लेयर्स में शामिल हैं। पंजाब के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा को टीम के उप कप्तान बनाए गए। टूर्नामेंट 14 जुलाई से श्रीलंका में खेला जाएगा। 23 जुलाई तक चलने वाले टूर्नामेंट में भारत के साथ 7 और टीमें भी शामिल हैं। साई



सुदर्शन के साथ IPL में परफॉर्म करने वाले कई प्लेयर्स को टीम में शामिल किया गया। वहीं रियान पराग पर भी सिलेक्टर्स ने भरोसा दिखाया। हर्षित राणा को भी जगह दी गई, जिन्होंने पिछले सप्ताह दलीप ट्रॉफी में शतक लगाया। निशांत सिंधु को भी दलीप ट्रॉफी में परफॉर्मेंस के आधार पर सिलेक्ट किया गया। चेन्नई सुपर किंग्स टीम से IPL में अच्छा परफॉर्म करने वाले लेफ्ट आर्म पेसर आकाश सिंह और ऑलराउंडर राजवर्धन हंगरगेकर को भी टीम में जगह मिली। स्टैंड बाय प्लेयर्स में 4 खिलाड़ियों के नाम दिए गए। इनमें नेहल वाधेरा, मोहित रेडकर, हर्ष दुबे और स्नेल पटेल शामिल हैं। इमर्जिंग एशिया कप के लिए किसी भी तरह की उम्र सीमा नहीं है, लेकिन नए प्लेयर्स को मौका मिले, इसलिए भारत ने 23 साल से कम उम्र के खिलाड़ियों को ही टीम में चुना।

## कारोबार

## आरबीआई क्रेडिट और कार्ड के नियम बदलेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड और डेबिट नियमों को बदलने जा रहा है। बैंक ने इसकी जानकारी एक सर्कुलर के द्वारा दी है। आरबीआई द्वारा लिए गए फैसलों के बाद डेबिट, प्रीपेड कार्ड के नियमों को भी बदला जा सकता है। इसको लेकर आरबीआई ने कहा कि किसी भी कार्ड को कोई खास नेटवर्क के लिए नहीं बल्कि सभी नेटवर्क के लिए इस्तेमाल करने की छूट होनी चाहिए। आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर में बैंक ने कहा कि क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, प्रीपेड कार्ड का इस्तेमाल सभी नेटवर्क के लिये किया जाना चाहिए। बैंक ने इसके लिए लोगों से राय भी मांगी है। कार्ड द्वारा आराम से आप किसी भी मर्चेंट को पेमेंट कर सकते हैं। कार्ड नेटवर्क की वजह से मर्चेंट (दुकानदार) और कार्डधारक के बीच लेनदेन सुविधाजनक हो जाता है। कार्ड नेटवर्क एक तरह का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराता है। इसके लिए कार्ड नेटवर्क फीस भी लेती है। अगर कार्ड नेटवर्क कंपनी की बात करते हैं तो चार मुख्य क्रेडिट कार्ड नेटवर्क मास्टर कार्ड, वीज़ा, अमेरिकन एक्सप्रेस और डिस्कवर हैं। इसमें से दो कंपनी कार्ड जारीकर्ता भी हैं। ये एमेक्स और डिस्कवर है।

# पुराने म्युचुअल फंड कंपनी केनरा रोबेको ने इक्विटी अवसरों का लाभ उठाने के लिए 'केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड' लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत के दूसरे सबसे पुराने म्युचुअल फंड, केनरा रोबेको म्युचुअल फंड ने आज केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ऐसा समाधान है, जो निवेशकों को इक्विटी बाजारों का लाभ उठाने में सक्षम बनाने के साथ ही लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में विविध निवेश के माध्यम से दीर्घकालिक अवधि में पूंजी वृद्धि करता है। नया फंड ऑफर विभिन्न बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों में निवेश करता है। पोर्टफोलियो का सक्रिय प्रबंधन अच्छा रिटर्न हासिल



करने में मदद कर सकता है, वहीं विविधीकरण पोर्टफोलियो के संपूर्ण जोखिम को कम करने में मदद करने का काम करता है। केनेरा रोबेको म्युचुअल फंड के सीईओ रजनीश नरुला ने कहा, "केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड निवेश के एकमुश्त और एसआईपी दोनों तरीकों के माध्यम से दीर्घकालिक धन बनाने के अच्छे अवसरों में से एक हो सकता है। म्युचुअल फंड निवेशक जो जोखिम और रिवॉर्ड के बीच एक अच्छा संतुलन तलाशते हुए विभिन्न बाजार चक्रों के माध्यम से पांच साल या उससे अधिक की अवधि के लिए निवेश में बने रहना चाहते हैं, उन्हें विभिन्न बाजार चक्रों से भारतीय विकास की कहानी का फायदा मिल सकता है, क्योंकि विभिन्न बाजार पूंजीकरणों की कंपनियां इस अनूठे अवसर का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।" नमें से किसी भी कैप में ओवरवेट करने के लचीलेपन के साथ एक गतिशील रणनीति के बाद मल्टी-कैप फंड में न्यूनतम 75त्न (बड़े, मध्य और छोटे कैप शेयरों में क्रमशः 25त्न) की इक्विटी निवेश की सीमा होगी। फंड मैनेजर की निवेश रणनीति मजबूत रिटर्न के साथ पोर्टफोलियो स्थिरता का संयोजन करती है। यह फंड निवेशकों को कंपनी के पूरे जीवन चक्र में भाग लेने की अनुमति देता है और इस प्रकार यह दीर्घकालिक धन बनाने का एक अवसर है।

# टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील ने 38 एम्प्लॉइज को निकाला- एथिकल इश्यूज के चलते गईं नौकरियां

**मुंबई।** टाटा स्टील ने सेक्सुअल हैरेसमेंट और एथिकल इश्यूज से जुड़ी अन-एक्सेप्टेबल प्रैक्टिसेस के चलते 38 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने बुधवार (5 जुलाई) को एनुअल जनरल मीटिंग में इस बात की जानकारी दी। टाटा स्टील को पिछले साल 875 शिकायतें मिलीं थीं। जिनमें से 158 व्हिसिलब्लोअर, 48 सेफ्टी और 669 ह्यूमन रिसोर्स और बिहेवियर से जुड़ी शिकायतें थीं। यह सभी शिकायतें स्टैंडअलोन टाटा स्टील के अलावा भारत और विदेश में इसकी सहायक कंपनियों में की गई थीं। कंपनी की त्नरूमें चंद्रशेखरन ने कहा, 'इन शिकायतों में से हमने 38 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिन्हें कंपनी से बर्खास्त कर दिया गया है। 3 को सेक्सुअल हैरेसमेंट और 35 एम्प्लॉइज को एथिकल इश्यूज से जुड़ी अन-एक्सेप्टेबल प्रैक्टिसेस के कारण नौकरी से निकाला गया है।' चंद्रशेखरन ने कहा, 'कंपनी के रूप में हम एक ग्लोबल बेंचमार्क हैं। इसलिए हम कंपनी में एक ऐसे कल्चर को बढ़ावा देना जारी रखेंगे, जहां हम हाईएस्ट वैल्यूज और जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को बनाए रखेंगे। चन्द्रशेखरन ने कहा कि रिपोर्ट की गई शिकायतों की संख्या में ग्रोथ देखी जा सकती है, जो एक अच्छी बात है। नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा, 'टाटा स्टील ने पिछले कुछ सालों में कई महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए हैं। हम तीन या चार कंपनियों का विलय भी कर रहे हैं। जिसमें भूषण (स्टील), उषा मार्टिन और नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड ( के नाम शामिल हैं। इन सभी कंपनियों का विलय हो रहा है।'

# थ्रेडएस को 4 घंटों में 50 लाख यूजर मिले- लॉन्च के 2 घंटे बाद ही यह संख्या 20 लाख हो गई थी

**वॉशिंगटना।** सोशल मीडिया फर्म मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने बुधवार रात नई माइक्रो ब्लागिंग साइट Threads (थ्रेड्स) को लॉन्च किया। इसे Twitter का कॉम्पिटिटर माना जा रहा है। कुछ यूजर्स इसे 'ट्विटर किलर' भी नाम दे रहे हैं। ट्विटर के दुनियाभर में 100 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। मेटा के CEO मार्क जुकरबर्ग ने बताया कि सिर्फ दो घंटों में Threads से 20 लाख लोग जुड़ गए। चार घंटे बाद इसकी संख्या बढ़कर 50 लाख के पार पहुंच गई। इसे अभी 100 देशों में लॉन्च किया गया है। यूरोपियन



यूनियन में रेगुलेटरी चिंताओं की वजह से इसे लॉन्च नहीं किया गया है। Twitter की तरह ये भी टेक्स्ट-बेस्ड प्लेटफॉर्म है। इस पर 500 कैरेक्टर तक लंबे थ्रेड्स पोस्ट पब्लिश कर सकते हैं। इस पर लिंक, फोटो और वीडियो भी शेयर किए जा सकते हैं। वीडियो 5 मिनट तक लंबे हो सकते हैं। बुधवार रात करीब 11.30 बजे इसे लॉन्च किया गया है। इस नए ऐप के जरिए कम्युनिटीज करंट और ट्रेंडिंग दोनों टॉपिक्स पर चर्चा करने के लिए एक साथ आ सकते हैं। इसके जरिए आप अपने फेवरेट क्रिएटर्स के साथ भी कनेक्ट हो सकते हैं। अपने आइडिया और ओपिनियन को शेयर कर आप अपनी एक लॉयल फॉलोइंग भी बिल्ड कर सकते हैं। ये ऐप आपकी फाइनेंशियल इंफो, कॉन्टेक्ट इंफो जैसा डेटा कलेक्ट करता है।

# ज़ी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारामाइंड वार्स के नेशनल स्पेल बी कॉम्पीटिशन 2023 के लिये हो जाइये तैयार!

**भोपाल।** - ज़ी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (ज़ील) द्वारा भारत की अग्रणी शैक्षणिक पहल माइंड वार्स भारत के सभी मिडिल स?कूल विद्या?र्थियों के बीच स्पेलिंग का शौक रखने वालों के लिये बेहतरीन खबर लेकर आई है। माइंड वार्स पहली बार अपनी राष्ट्रीय स्पेलिंग प्रतियोगिता 'स्पेल बी 2023' आयोजित करने के लिये तैयार है। यह शानदार अखिल भारतीय प्रतियोगिता अब भारत में कक्षा 4 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिये खुली है, जिसमें वे अंग्रेजी के लिये अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। अपने आप में अनोखी 'माइंड वार्स स्पेल बी 2023' का फॉर्मेट मल्टी-स्टेज होगा। यह प्रतियोगिता भाग लेने वाले स्कूलों में इंट्रा-स्कूल राउंड्स से शुरू होगी और विद्यार्थी तीन कैटेगरीज में भाग लेंगे। इसके बाद हर ज़ोन के चैम्पियन और रनर-अप ग्रैण्ड फिनाले में पहुँचेंगे, जिसे माइंड वार्स के यूट्यूब चैनल पर दिखाया जाएगा। ग्रैण्ड फिनाले में हर कैटेगरी के टॉप तीन विद्यार्थियों को विजेता, पहले रनर-अप और दूसरे रनर-अप के टाइटल मिलेंगे। माइंड वार्स स्पेल बी 2023 के विजेताओं के लिये रोमांचक इनाम होंगे, जिसमें 10 लाख रूपये तक के नगद पुरस्कार, ट्रॉफियाँ, प्रमाणपत्र और अन्य मूल्यवान पुरस्कार सम्मिलित हैं। इसके अलावा, भाग लेने वालों को पूरी प्रतियोगिता के दौरान अमूल्य अनुभव और अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी निजी और शैक्षणिक यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। ज़ी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट श्री उमेश कुमार बंसल ने कहा, ÷हम माइंड वार्स स्पेल बी को देशव्यापी अवतार में अभूतपूर्व ढंग से पेश करके बहुत खुश हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों के बीच अंग्रेजी भाषा की पढ़ाई को बढ़ावा देना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये एक मंच प्रदान करना है । हमारा मानना है कि ऐसी पहलें बच्चों के दिमाग के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।÷ माइंड वार्स स्पेल बी को अंग्रेजी में विद्यार्थियों का कौशल बढ़ाने के लिये डिजाइन किया गया है, इसमें जैसे कि स्पेलिंग, इस्तेमाल, उच्चारण और शब्दावली शामिल है।

### अभ्यास मैच में रन बनाने में विफल रहे विराट

**जमैका।** वेस्टइंडीज दौरे पर गयी भारतीय टीम ने 12 जुलाई से होने वाले पहले टेस्ट के लिए अभ्यास शुरु कर दिया है। इसी को लेकर भारतीय टीम ने आपस में ही एक अभ्यास मैच खेला जिससे अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली असफल रहे हैं। विराट फिर पहले वाली गलती करते दिखे। भारतीय खिलाड़ी दो टीमों में बंटकर ये अभ्यास मैच खेल रहे हैं, जिसमें वेस्टइंडीज के कुछ घरेलू क्रिकेटर भी शामिल हैं। इस अभ्यास मैच में विराट रन बनाने में नाकाम रहे। उन्हें जयदेव उनादकट ने आउट किया। कोहली पुरानी गलती दोहराते हुए दिखे। उनादकट ने उन्हें ऑफ स्टंप की ओर गेंद थोड़ी दूर रखी तो कोहली शॉट लगाने के चक्कर में स्लिप पर कैच आउट हो गए। विराट इस मैच में केवल 3 रन ही बना पाये।

### बेयरस्टो को आउट करने के फैसले का कमिंस ने बचाव किया

**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि जॉनी बेयरस्टो को आउट कर उन्होंने किसी किसी भी प्रकार की गलती नहीं की। बेयरस्टो को विवादस्पद रुप से आउट किये जाने के कारण इंग्लैंड टीम पर खेल भावना के विपरीत काम करने के आरोप लगाये गये हैं। इसी को लेकर कमिंस ने कहा कि सब कुछ नियमों के अनुसार की किया गया। लॉर्ड्स टेस्ट के पांचवे दिन बेयरस्टो को विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने तब स्टम्प आउट कर दिया था जब वह साथी बल्लेबाज से बात करने क्रीज से बाहर आये थे।

### दलीप ट्रॉफी - उत्तर क्षेत्र 198 रनों पर सिमटी , दक्षिण क्षेत्र 63/4

**बेंगलुरु।** उत्तर क्षेत्र को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 198 रनों पर आउट करने के बाद दक्षिण क्षेत्र की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 63 रनों पर ही अपने चार विकेट खो दिये। दक्षिण क्षेत्र की ओर से स्टंप के समय मयंक अग्रवाल 37 रन बनाकर खेल रहे थे। इस मैच में बारिश के कारण खेल में बाधा भी आई। उत्तर क्षेत्र के युवा ऑलराउंडर हर्षित राणा रहे, राणा ने नौंवे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 22 गेंद में 31 रन बनाकर उत्तर क्षेत्र को 200 रन के करीब पहुंचाया।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की टी-20 टीम का ऐलान

## पंड्या कप्तान, तिलक वर्मा को मौका; रिंकू सिंह को जगह नहीं



**स्पोर्ट्स डेस्क।** वेस्टइंडीज दौरे पर 3 अगस्त से होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौंपी गई। सूर्यकुमार यादव को उप कप्तान बनाया गया है। सीनियर प्लेयर्स में विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा को आराम दिया गया है। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। मुंबई इंडियंस से IPL खेलने वाले 20 साल के लेफ्टी बैटर तिलक वर्मा को पहली बार भारतीय टीम में मौका मिला। दूसरी ओर IPL 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के टॉप स्कोरर रहे रिंकू सिंह को टीम में जगह नहीं मिली।

### संजू सैमसन की वापसी

केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने वनडे के बाद टी-20 में भी वापसी कर ली है। संजू ने भारत के लिए आखिरी मुकाबला इसी साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। इसके बाद वह चोटिल हो गए और अब 7 महीने बाद फिर टीम में वापसी की।

### वर्मा, जायसवाल और मुकेश कुमार के पास डेब्यू का मौका

बैटर्स में तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और बॉलर्स में मुकेश कुमार को पहली बार टी-20 स्क्वॉड में शामिल किया गया। इन तीनों प्लेयर्स के पास इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका है। पिछले साल फरवरी में भी वेस्टइंडीज ने भारत का दौरा किया था। इस दौरान आवेश खान और रवि बिश्नोई ने अपना टी-20 डेब्यू किया था। दोनों को अब फिर से टीम में शामिल किया गया है।

### 3 अगस्त से टी-20 सीरीज खेलेंगे

टेस्ट और वनडे सीरीज के बाद 3 अगस्त से त्रिनिदाद में 5 मैचों की टी-20 सीरीज शुरू होगी। गुयाना में 6 और 8 अगस्त को दूसरा और तीसरा टी-20 मैच होगा। अमेरिका के लॉडरहिल में 12 और 13 अगस्त को चौथा और पांचवां टी-20 मैच खेला जाएगा। सीरीज के सभी मुकाबले शाम 8 बजे से शुरू होंगे।

# विंबलडन चैंपियनशिप में घुसे ऑयल प्रोटेस्टर- सेंटर कोर्ट पर कचरा फैलाया, लाइन भी मिटाई; सिक्योरिटी ने घसीटकर बाहर किया

**लंदन।** लंदन में विंबलडन चैम्पियनशिप के बीच ऑयल प्रोटेस्टर्स के कारण 2 बार खेल रोकना पड़ा। प्रदर्शनकारी सेंटर कोर्ट पर घुस आए और कचरा फैला दिया। एक अन्य प्रोटेस्टर ने कोर्ट पर खिंची लाइन मिटाने की कोशिश की। जिसके बाद सिक्योरिटी टीम ने एक बुजुर्ग प्रोटेस्टर को घसीटकर कोर्ट से बाहर निकाला। विंबलडन से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे ऐशेज क्रिकेट टेस्ट में भी प्रोटेस्टर्स घुस आए थे। तब इंग्लिश क्रिकेटर जॉनी बेयरस्टो और सिक्योरिटी ने प्रदर्शनकारियों को उठाकर मैदान से बाहर किया था।




### विंबलडन के दौरान 2 बार खेल रोकना पड़ा

जस्ट स्टॉप ऑयल प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को तीसरे दिन के खेल में दो बार बाधा डालने की कोशिश की। पहली घटना में दो प्रदर्शनकारी सेंटर कोर्ट आए और पेपर पजल के हजारों टुकड़े कोर्ट में फैला दिए। दूसरे प्रोटेस्टर ने कोर्ट में खिंची लाइन मिटाने की कोशिश की।

### बुजुर्ग प्रदर्शनकारी बोले- जस्ट स्टॉप ऑयल

बुजुर्ग प्रदर्शनकारी कोर्ट के पास ही जैकेट पहनकर बैठा था। मौका मिलते ही वह सेंटर कोर्ट पर आया और अपनी जैकेट निकाल दी। बुजुर्ग ने 'जस्ट स्टॉप ऑयल' लिखी टी-शर्ट अंदर पहन रखी थी। प्रदर्शनकारी कोर्ट पर पेपर का कचरा फैलाते हुए दौड़ने लगा, इतने में सिक्योरिटी ने उसे पकड़ लिया। सिक्योरिटी टीम प्रदर्शनकारी को घसीटकर मैदान से बाहर ले गई। मैदान को साफ किया गया। सफाई विमेंस सिंगल्स का मैच फिर शुरू हो सका।

# विलियमसन आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 बने- स्टीव स्मिथ नंबर-2 पर पहुंचे



**स्पोर्ट्स डेस्क।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को ताजा प्लेयर रैंकिंग जारी की। ताजा टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन नंबर-1 रैंक पर आ गए हैं। विलियमसन अगस्त 2021 के बाद पहली बार नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचे हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को 3 स्थान का फायदा हुआ है। बैटिंग रैंकिग के टॉप-4 पायदान पर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का दबदबा है। इनमें स्मिथ दूसरे, तीसरे पर ट्रेविस हेड और चौथे नंबर पर मार्नस लाबुशेन हैं। टॉप-10 बैटर्स रैंकिंग में केवल एक भारतीय खिलाड़ी ऋषभ पंत हैं। वह 10वें नंबर पर हैं।

### दूसरे ऐशेज टेस्ट में स्मिथ ने जड़ा शतक

ऐशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में स्टीव स्मिथ ने शतक जड़ा था। यह शतक पहली पारी में आया, तब उन्होंने 184 बॉल में 110 रन बनाए थे। वहीं, लाबुशेन ने लॉर्ड्स में 47 और 30 रन का योगदान दिया, जबकि हेड ने पहली पारी में 73 गेंदों पर 77 रन बनाए। ख्वाजा ने दूसरी पारी में एक अर्धशतक जमाया था।

# सिंधु और लक्ष्य कनाडा ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में- बी साई प्रणीत और गड्डे रुथविका शिवानी की चुनौती समाप्त

**कनाडा।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने कैलगरी में मौजूद मार्किन-मैकफेल सेंटर में चल रहे कनाडा ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। दूसरी ओर बी साई प्रणीत का सफर खत्म हो गया है। उन्हें ब्राजीली खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा। बुधवार रात को विमेंस सिंगल्स के खेले गए मैच में चौथी सीड सिंधु ने कनाडा की तालिया एनजी को सीधे गेम में 21-16, 21-9 से हराकर अगले दौर में



पहुंच गई हैं। वर्ल्ड नंबर 15 की सिंधु ने पहला गेम 5 अंकों के अंतर से जीता। जबकि दूसरे गेम को उन्होंने आसानी से जीत लिया। सिंधु अपना अगला मैच गुरुवार को जापान की नात्सुकी नदैरा के खिलाफ खेलेंगी। मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर 19 लक्ष्य सेन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न को 21-18, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। लक्ष्य अब अपना अगला मैच ब्राजील के यगोर कोल्हो के खिलाफ खेलेंगे। इसके अलावा मेंस सिंगल्स के अन्य मुकाबले में बी साई प्रणीत को ब्राजील के यगोर कोल्हो से हार का सामना करना पड़ा। 32 मिनट तक चले इस मैच में ब्राजील के खिलाड़ी ने प्रणीत को 21-12, 21-17 से मात दी।

# सर सोबर्स से मिली टीम इंडिया- बारबाडोस में रोहित-विराट ने हाथ मिलाया; सोबर्स ने पहली बार एक ओवर में 6 सिक्स मारे थे



**बारबाडोस।** भारतीय टीम वेस्टइंडीज दौरे के लिए बारबाडोस पहुंच चुकी है। टीम इंडिया 2 टेस्ट मैचों के साथ अपना वेस्टइंडीज दौरा शुरू करेगी। टीम 12 जुलाई को पहला मैच खेलेगी। टेस्ट के बाद टीम 3 वनडे और 5 टी-20 मैच खेलेगी। भारतीय टीम ने मंगलवार से प्रैक्टिस भी शुरू कर दी। वहीं टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ियों ने वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज सर गारफील्ड सोबर्स से मुलाकात की। इसका वीडियो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। BCCI ने इसके कैप्शन में लिखा, 'बारबाडोस में महानतम के साथ।' सर गारफील्ड सोबर्स दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर में से एक रहे हैं। वे दुनिया के पहले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने एक ओवर में 6 सिक्स मारे थे। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नॉटिंघमशायर से खेलते हुए ऐसा किया था।

### विराट, अश्विन और द्रविड़ ने उनसे बातचीत की

वीडियो में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा सर गारफील्ड सोबर्स से हाथ मिलाते नजर आए। उनके बाद विराट कोहली ने भी गैरी सोबर्स से हाथ मिलाया। कोहली उनसे कुछ बातचीत भी करते नजर आए। इन दोनों के बाद टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ने शुभमन गिल को सोबर्स से मिलवाया। उनके बाद तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर उनसे मिलते हुए दिखे और आखीर में स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और राहुल द्रविड़ ने भी सोबर्स से बातचीत की।

### 1968 में लगाए थे 6 छक्के

सोबर्स ने 31 अगस्त 1968 को सेंट हेलेना क्रिकेट ग्राउंड में नॉटिंघमशायर से खेलते हुए ग्लैमॉर्गन के खिलाफ फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे।

# बैटर साई सुदर्शन को इंडिया-ए टीम में जगह- इमर्जिंग एशिया कप के लिए टीम जारी

**स्पोर्ट्स डेस्क।** इमर्जिंग एशिया कप के लिए इंडिया की ए टीम जारी कर दी गई है। टीम इंडिया के 15 मेंबर्स स्क्वॉड की कप्तानी यश धुल को मिली है। IPL में गुजरात टाइटंस से बेहतरीन परफॉर्म करने वाले साई सुदर्शन भी टीम का हिस्सा हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बैटर नेहल वाधेर स्टैंड बाय प्लेयर्स में शामिल हैं। पंजाब के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा को टीम के उप कप्तान बनाए गए। टूर्नामेंट 14 जुलाई से श्रीलंका में खेला जाएगा। 23 जुलाई तक चलने वाले टूर्नामेंट में भारत के साथ 7 और टीमें भी शामिल हैं। साई



सुदर्शन के साथ IPL में परफॉर्म करने वाले कई प्लेयर्स को टीम में शामिल किया गया। वहीं रियान पराग पर भी सिलेक्टर्स ने भरोसा दिखाया। हर्षित राणा को भी जगह दी गई, जिन्होंने पिछले सप्ताह दलीप ट्रॉफी में शतक लगाया। निशांत सिंधु को भी दलीप ट्रॉफी में परफॉर्मेंस के आधार पर सिलेक्ट किया गया। चेन्नई सुपर किंग्स टीम से IPL में अच्छा परफॉर्म करने वाले लेफ्ट आर्म पेसर आकाश सिंह और ऑलराउंडर राजवर्धन हंगरगेकर को भी टीम में जगह मिली। स्टैंड बाय प्लेयर्स में 4 खिलाड़ियों के नाम दिए गए। इनमें नेहल वाधेरा, मोहित रेडकर, हर्ष दुबे और स्नेल पटेल शामिल हैं। इमर्जिंग एशिया कप के लिए किसी भी तरह की उम्र सीमा नहीं है, लेकिन नए प्लेयर्स को मौका मिले, इसलिए भारत ने 23 साल से कम उम्र के खिलाड़ियों को ही टीम में चुना।

## कारोबार

### आरबीआई क्रेडिट और कार्ड के नियम बदलेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रेडिट कार्ड और डेबिट नियमों को बदलने जा रहा है। बैंक ने इसकी जानकारी एक सर्कुलर के द्वारा दी है। आरबीआई द्वारा लिए गए फैसलों के बाद डेबिट, प्रीपेड कार्ड के नियमों को भी बदला जा सकता है। इसको लेकर आरबीआई ने कहा कि किसी भी कार्ड को कोई खास नेटवर्क के लिए नहीं बल्कि सभी नेटवर्क के लिए इस्तेमाल करने की छूट होनी चाहिए। आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर में बैंक ने कहा कि क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, प्रीपेड कार्ड का इस्तेमाल सभी नेटवर्क के लिये किया जाना चाहिए। बैंक ने इसके लिए लोगों से राय भी मांगी है। कार्ड द्वारा आराम से आप किसी भी मर्चेंट को पेमेंट कर सकते हैं। कार्ड नेटवर्क की वजह से मर्चेंट (दुकानदार) और कार्डधारक के बीच लेनदेन सुविधाजनक हो जाता है। कार्ड नेटवर्क एक तरह का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराता है। इसके लिए कार्ड नेटवर्क फीस भी लेती है। अगर कार्ड नेटवर्क कंपनी की बात करते हैं तो चार मुख्य क्रेडिट कार्ड नेटवर्क मास्टर कार्ड, वीज़ा, अमेरिकन एक्सप्रेस और डिस्कवर हैं। इसमें से दो कंपनी कार्ड जारीकर्ता भी हैं। ये एमेक्स और डिस्कवर है।

# पुराने म्युचुअल फंड कंपनी केनरा रोबेको ने इक्विटी अवसरों का लाभ उठाने के लिए 'केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड' लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत के दूसरे सबसे पुराने म्युचुअल फंड, केनरा रोबेको म्युचुअल फंड ने आज केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ऐसा समाधान है, जो निवेशकों को इक्विटी बाजारों का लाभ उठाने में सक्षम बनाने के साथ ही लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में विविध निवेश के माध्यम से दीर्घकालिक अवधि में पूंजी वृद्धि करता है। नया फंड ऑफर विभिन्न बाजार पूंजीकरण वाली कंपनियों में निवेश करता है। पोर्टफोलियो का सक्रिय प्रबंधन अच्छा रिटर्न हासिल



करने में मदद कर सकता है, वहीं विविधीकरण पोर्टफोलियो के संपूर्ण जोखिम को कम करने में मदद करने का काम करता है। केनेरा रोबेको म्युचुअल फंड के सीईओ रजनीश नरुला ने कहा, "केनरा रोबेको मल्टी कैप फंड निवेश के एकमुश्त और एसआईपी दोनों तरीकों के माध्यम से दीर्घकालिक धन बनाने के अच्छे अवसरों में से एक हो सकता है। म्युचुअल फंड निवेशक जो जोखिम और रिवॉर्ड के बीच एक अच्छा संतुलन तलाशते हुए विभिन्न बाजार चक्रों के माध्यम से पांच साल या उससे अधिक की अवधि के लिए निवेश में बने रहना चाहते हैं, उन्हें विभिन्न बाजार चक्रों से भारतीय विकास की कहानी का फायदा मिल सकता है, क्योंकि विभिन्न बाजार पूंजीकरणों की कंपनियां इस अनूठे अवसर का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।" नमें से किसी भी कैप में ओवरवेट करने के लचीलेपन के साथ एक गतिशील रणनीति के बाद मल्टी-कैप फंड में न्यूनतम 75त्न (बड़े, मध्य और छोटे कैप शेयरों में क्रमशः 25त्न) की इक्विटी निवेश की सीमा होगी। फंड मैनेजर की निवेश रणनीति मजबूत रिटर्न के साथ पोर्टफोलियो स्थिरता का संयोजन करती है। यह फंड निवेशकों को कंपनी के पूरे जीवन चक्र में भाग लेने की अनुमति देता है और इस प्रकार यह दीर्घकालिक धन बनाने का एक अवसर है।

# टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील ने 38 एम्प्लॉइज को निकाला- एथिकल इश्यूज के चलते गईं नौकरियां

**मुंबई।** टाटा स्टील ने सेक्सुअल हैरेसमेंट और एथिकल इश्यूज से जुड़ी अन-एक्सेप्टेबल प्रैक्टिसेस के चलते 38 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने बुधवार (5 जुलाई) को एनुअल जनरल मीटिंग में इस बात की जानकारी दी। टाटा स्टील को पिछले साल 875 शिकायतें मिलीं थीं। जिनमें से 158 व्हिसिलब्लोअर, 48 सेफ्टी और 669 ह्यूमन रिसोर्स और बिहेवियर से जुड़ी शिकायतें थीं। यह सभी शिकायतें स्टैंडअलोन टाटा स्टील के अलावा भारत और विदेश में इसकी सहायक कंपनियों में की गई थीं। कंपनी की तरूमें चंद्रशेखरन ने कहा, 'इन शिकायतों में से हमने 38 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है, जिन्हें कंपनी से बर्खास्त कर दिया गया है। 3 को सेक्सुअल हैरेसमेंट और 35 एम्प्लॉइज को एथिकल इश्यूज से जुड़ी अन-एक्सेप्टेबल प्रैक्टिसेस के कारण नौकरी से निकाला गया है।' चंद्रशेखरन ने कहा, 'कंपनी के रूप में हम एक ग्लोबल बेंचमार्क हैं। इसलिए हम कंपनी में एक ऐसे कल्चर को बढ़ावा देना जारी रखेंगे, जहां हम हाईएस्ट वैल्यूज और जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को बनाए रखेंगे। चन्द्रशेखरन ने कहा कि रिपोर्ट की गई शिकायतों की संख्या में ग्रोथ देखी जा सकती है, जो एक अच्छी बात है। नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा, 'टाटा स्टील ने पिछले कुछ सालों में कई महत्वपूर्ण अधिग्रहण किए हैं। हम तीन या चार कंपनियों का विलय भी कर रहे हैं। जिसमें भूषण (स्टील), उषा मार्टिन और नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड ( के नाम शामिल हैं। इन सभी कंपनियों का विलय हो रहा है।'

# थ्रेडएस को 4 घंटों में 50 लाख यूजर मिले- लॉन्च के 2 घंटे बाद ही यह संख्या 20 लाख हो गई थी

**वॉशिंगटना।** सोशल मीडिया फर्म मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने बुधवार रात नई माइक्रो ब्लागिंग साइट Threads (थ्रेड्स) को लॉन्च किया। इसे Twitter का कॉम्पिटिटर माना जा रहा है। कुछ यूजर्स इसे 'ट्विटर किलर' भी नाम दे रहे हैं। ट्विटर के दुनियाभर में 100 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। मेटा के CEO मार्क जुकरबर्ग ने बताया कि सिर्फ दो घंटों में Threads से 20 लाख लोग जुड़ गए। चार घंटे बाद इसकी संख्या बढ़कर 50 लाख के पार पहुंच गई। इसे अभी 100 देशों में लॉन्च किया गया है। यूरोपियन



यूनियन में रेगुलेटरी चिंताओं की वजह से इसे लॉन्च नहीं किया गया है। Twitter की तरह ये भी टेक्स्ट-बेस्ड प्लेटफॉर्म है। इस पर 500 कैरेक्टर तक लंबे थ्रेड्स पोस्ट पब्लिश कर सकते हैं। इस पर लिंक, फोटो और वीडियो भी शेयर किए जा सकते हैं। वीडियो 5 मिनट तक लंबे हो सकते हैं। बुधवार रात करीब 11.30 बजे इसे लॉन्च किया गया है। इस नए ऐप के जरिए कम्युनिटीज करंट और ट्रेंडिंग दोनों टॉपिक्स पर चर्चा करने के लिए एक साथ आ सकते हैं। इसके जरिए आप अपने फेवरेट क्रिएटर्स के साथ भी कनेक्ट हो सकते हैं। अपने आइडिया और ओपिनियन को शेयर कर आप अपनी एक लॉयल फॉलोइंग भी बिल्ड कर सकते हैं। ये ऐप आपकी फाइनेंशियल इंफो, कॉन्टेक्ट इंफो जैसा डेटा कलेक्ट करता है।

# ज़ी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारामाइंड वार्स के नेशनल स्पेल बी कॉम्पीटिशन 2023 के लिये हो जाइये तैयार!

**भोपाल।** - ज़ी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड (ज़ील) द्वारा भारत की अग्रणी शैक्षणिक पहल माइंड वार्स भारत के सभी मिडिल स?कूल विद्या?र्थियों के बीच स्पेलिंग का शौक रखने वालों के लिये बेहतरीन खबर लेकर आई है। माइंड वार्स पहली बार अपनी राष्ट्रीय स्पेलिंग प्रतियोगिता 'स्पेल बी 2023' आयोजित करने के लिये तैयार है। यह शानदार अखिल भारतीय प्रतियोगिता अब भारत में कक्षा 4 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिये खुली है, जिसमें वे अंग्रेजी के लिये अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। अपने आप में अनोखी 'माइंड वार्स स्पेल बी 2023' का फॉर्मेट मल्टी-स्टेज होगा। यह प्रतियोगिता भाग लेने वाले स्कूलों में इंट्रा-स्कूल राउंड्स से शुरू होगी और विद्यार्थी तीन कैटेगरीज में भाग लेंगे। इसके बाद हर ज़ोन के चैम्पियन और रनर-अप ग्रैण्ड फिनाले में पहुँचेंगे, जिसे माइंड वार्स के यूट्यूब चैनल पर दिखाया जाएगा। ग्रैण्ड फिनाले में हर कैटेगरी के टॉप तीन विद्यार्थियों को विजेता, पहले रनर-अप और दूसरे रनर-अप के टाइटल मिलेंगे। माइंड वार्स स्पेल बी 2023 के विजेताओं के लिये रोमांचक इनाम होंगे, जिसमें 10 लाख रूपये तक के नगद पुरस्कार, ट्रॉफियाँ, प्रमाणपत्र और अन्य मूल्यवान पुरस्कार सम्मिलित हैं। इसके अलावा, भाग लेने वालों को पूरी प्रतियोगिता के दौरान अमूल्य अनुभव और अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी निजी और शैक्षणिक यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। ज़ी एंटरटेनमेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट श्री उमेश कुमार बंसल ने कहा, ÷हम माइंड वार्स स्पेल बी को देशव्यापी अवतार में अभूतपूर्व ढंग से पेश करके बहुत खुश हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों के बीच अंग्रेजी भाषा की पढ़ाई को बढ़ावा देना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये एक मंच प्रदान करना है । हमारा मानना है कि ऐसी पहलें बच्चों के दिमाग के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।÷ माइंड वार्स स्पेल बी को अंग्रेजी में विद्यार्थियों का कौशल बढ़ाने के लिये डिजाइन किया गया है, इसमें जैसे कि स्पेलिंग, इस्तेमाल, उच्चारण और शब्दावली शामिल है।

माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।